वर्ष 24, अंक 271, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## केरल-असम और पुडुच्चेरी में जबरदस्त वोटिंग

**असम-85.04%, केरल-77.38% और पुडुच्चेरी-89.08% हुआ मतदान**

### मुख्य चुनाव आयुक्त बोले- दुनिया के लिए लोकतंत्र के लिए उदाहरण

**केरल**

**देश** के दो राज्यों असम, केरलम और साथ में केंद्र शासित प्रदेश पुड्डुचेरी में चल रहे विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर 9 अप्रैल 2026 यानी गुरुवार को चल रही वोटिंग शाम 6 बजे तक थम गई है. अब मतदाता पेटी में कई धुरंधरों की किस्मत कैद हो गई है. चुनाव आयोग ने ईवीएम और वीवीपेट सील करना शुरू कर दिए हैं. चुनाव आयोग के अनुसार शाम 5 बजे तक असम में 84.42%, केरलम में 75.01% और पुडुचेरी में 86.92% वोटिंग हुई.

पुड्डुचेरी में सीएम रंगास्वामी ने वोट डाला, केरल में रक्षामंत्री एके एंटनी वोट डाला. इसके अलावा असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने कामाख्या मंदिर में पूजा की, साथ ही पत्नी के साथ जालुकबाड़ी में वोट डाला. अब सभी को 4 मई का इंतजार है, जब इन राज्यों के चुनाव नतीजे सामने आएंगे. और

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा 2026 के विधानसभा चुनावों को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि Assam, Kerala और Puducherry में हुए विधानसभा चुनाव न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक उदाहरण हैं. उन्होंने Election Commission of India की ओर से इन राज्यों के सभी मतदाताओं को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि यह लोकतांत्रिक भागीदारी का एक शानदार प्रदर्शन है. सीईसी ने अपने संदेश में ह्नचुनाव का पर्व, मतदाता का गर्वह्व का उल्लेख करते हुए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी और लोकतंत्र के प्रति उनके समर्पण को सराहा.



असम की इन सीटों पर नजर

अगर असम की बात करें तो यहां 3 बड़ी सीटें, जिनपर सभी की निगाहें हैं. इनमें पहली चर्चित सीट जलुकबाड़ी विधानसभा है.

यहां से बीजेपी उम्मीदवार और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा चुनावी मैदान में हैं. उनके खिलाफ बिदिशा नियोग कांग्रेस से मैदान में उतरीं हैं. यहां से लगातार पांच बार से हिमंता चुनाव जीत रहे हैं. यह बीजेपी का गढ़ माना जाता है.

दिसपुर में भाजपा के उम्मीदवार प्रद्युत बोरदोलोई चुनावी मैदान में हैं. यहां से कांग्रेस ने मीरा बोरठाठाकुर को चुनावी मैदान में उतारा है. यह कांग्रेस की पारंपरिक सीट रही है, लेकिन फिलहाल बीजेपी का दबदबा है.

असम की तीसरी सीट जोरहाट पर भी सभी की निगाहें हैं. यहां से हितेंद्र नाथ गोस्वामी बीजेपी से चुनाव लड़ रहे हैं. तो गौरव गोगोई कांग्रेस से चुनावी मैदान में हैं. गोगोई पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे हैं.

केरल की इन सीटों पर नजर

केरल की दो बड़ी सीटें हैं, जिनपर सभी की निगाहें हैं. नेमोम सीट से बीजेपी उम्मीदवार राजीव चंद्रशेखर चुनावी मैदान में हैं. उनके खिलाफ वी. शिवनकुट्टी सीपीआईएम से चुनाव लड़ रहे हैं.

धर्मदम सीट से बीजेपी के सीके पद्मनाभन चुनावी मैदान में हैं. सीपीआईएम उम्मीदवार पिनाराई विजयन चुनावी मैदान में हैं.

पुड्डुचेरी में बीजेपी दोहरा पाएगी अपनी गठबंधन सरकार?

## मां रो रही हैं, माटी को घुसपैठियों ने घेर लिया है, मानुष डरा हुआ है

**पश्चिम बंगाल**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस पर जंगल राज का आरोप लगाते हुए कहा कि वह मां, माटी और मनुष्य की बात तो करती है, लेकिन उसके शासन में मां रो रही है, माटी पर घुसपैठियों का कब्जा है और मनुष्य भयभीत है। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने "भयमुक्त" समाज की कल्पना की थी, लेकिन तृणमूल कांग्रेस ने इसके ठीक विपरीत परिस्थितियां पैदा कर दी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर एक ऐसे समाज की कल्पना करते थे जहां हर कोई भयमुक्त हो। लेकिन टीएमसी के जंगल राज ने ठीक इसका उल्टा कर दिया है। वे 'मां, माटी और मनुष्य' की बात करते थे, लेकिन आज मां रो रही है, माटी पर घुसपैठियों का कब्जा है और मनुष्य भयभीत है।

उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी का गिरोह इन घुसपैठियों को जाली सरकारी दस्तावेज हासिल करने में मदद कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जमीन पर घुसपैठियों का अतिक्रमण चिंताजनक स्तर पर पहुंच गया है। टीएमसी का गिरोह इन घुसपैठियों को जाली सरकारी दस्तावेज हासिल करने में मदद कर रहा है। घुसपैठिए पड़ोसी क्षेत्रों से घुसकर राज्य में बस रहे हैं।

### पीएम मोदी नें 7वां वेतन आयोग लागू करने का वादा

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की जनता को छह आश्वासन दिए और राज्य में आर्थिक कुप्रबंधन और कानून व्यवस्था की विफलता को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर हमला बोला। 23 अप्रैल को होने वाले चुनावों वाले हल्दिया में एक रैली को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल में सत्ता में आने पर कानून व्यवस्था स्थापित करने, शासन में पारदर्शिता लाने, भ्रष्टाचार के हर मामले की जांच करने, घुसपैठियों को बाहर निकालने और सातवें वेतन आयोग को लागू करने का वादा किया। उन्होंने अपनी छह गारंटियों की घोषणा करते हुए कहा आज मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि भाजपा संविधान के अनुसार कार्य करेगी। सभी को उनका उचित हक मिलेगा, और यह मोदी की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने आर्थिक कुप्रबंधन की कड़ी आलोचना की

प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल के आर्थिक विकास की उपेक्षा के लिए तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में राज्य विकास के हर पैमाने पर पिछड़ गया है। उन्होंने दावा किया, हल्दिया कभी आधुनिक भारत के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में से एक था, लेकिन हाल के दशकों में यहां कारखाने बंद हो गए हैं। एक समय लोग काम की तलाश में हल्दिया आते थे, लेकिन आज वे काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन कर रहे हैं। उन्होंने टीएमसी सरकार पर बंगाल के युवाओं से नौकरियां छीनकर घुसपैठियों को देने का आरोप लगाते हुए राज्य में इस तरह की व्यवस्था को समाप्त करने का संकल्प लिया।



आज मैं बंगाल की जनता से वादा करता हूं। बंगाल में भाजपा सरकार बनते ही घुसपैठ में मदद करने वालों के खिलाफ विशेष जांच शुरू की जाएगी। यह मेरी आपको गारंटी है। चाहे वे कितने भी शक्तिशाली क्यों न हों, उनकी पहचान कर उन्हें जेल भेजा जाएगा। 2022 की बोगटुई घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए, जिसमें गांव में झोपड़ियों में आग लगाने के बाद आठ लोग जिंदा जल गए थे, प्रधानमंत्री मोदी ने इसे मानवता पर कलंक बताया। हमारा बीरभूम टीएमसी के जंगल राज का गवाह है। बोगटुई में जो हुआ वह महज एक घटना नहीं थी; यह मानवता पर एक कलंक था। निर्दोष महिलाओं और बच्चों को जिंदा जला दिया गया। अगर यह जंगल राज नहीं है, तो फिर क्या है?

## ट्रंप के इस दावे से बेनकाब हुआ 'शांति दूत' बन रहा पाकिस्तान, चीन का भी उतर गया चोला

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान वॉर को लेकर बड़ा और सनसनीखेज दावा करते हुए कहा कि तेहरान की तरफ से अमेरिकी वॉरशिप्स पर दागी गई 100 से ज्यादा मिसाइलें पाकिस्तान के जरिए पहुंचाई गई थीं. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इन मिसाइलों के पीछे चीन की भूमिका थी, जिसने पाकिस्तान के माध्यम से ईरान को सप्लाई की. हालांकि, ट्रंप ने दावा किया कि US Navy ने इन मिसाइलों को सफलतापूर्वक इंटरसेप्ट कर लिया.




ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब एक दिन पहले ही अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर का ऐलान हुआ था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद हालात फिर बिगड़ गए. ईरान में रिफाइनरी पर हमले की खबर आई, वहीं कुवैत और बहरीन पर ईरान के हमलों की बात सामने आई. दूसरी तरफ इजरायल ने भी लेबनान के ऊपर ताबड़तोड़ मिसाइल हमले कर दिए।

### कालिंदी कुंज होगा सिग्नल फ्री, बनेंगे 2 फ्लाईओवर

**नई दिल्ली-**

**दिल्ली**-नोएडा सीमा पर स्थित कालिंदी कुंज जंक्शन पर लंबे समय से जारी भीषण जाम से राहत दिलाने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है. राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने फ्लाईओवर बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. यह फ्लाईओवर टू वे होगा. इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर कालिंदी कुंज चौराहा सिग्नल-फ्री हो जाएगा, जिससे रोजाना हजारों वाहन चालकों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## पंजाब में आईएसआई समर्थित खालिस्तानी आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

### हथियारों के जखीरे के साथ 2 गिरफ्तार



**अमृतसर**

**पंजाब** पुलिस ने गुरुवार को एक बड़े आतंकवाद-विरोधी अभियान में घोषणा की कि उसने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है, जिसे कथित तौर पर अंतर-सेवा खुफिया (आईएसआई) का समर्थन प्राप्त था और जिसके आईएसआईएस सहित चरमपंथी नेटवर्कों से संदिग्ध संबंध थे। इस मामले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। यह संयुक्त अभियान अमृतसर ग्रामीण पुलिस, गुरदासपुर पुलिस और राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी), अमृतसर की टीमों द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के समन्वय से चलाया गया था। अधिकारियों के अनुसार, इस मॉड्यूल का संचालन एक विदेशी संचालक द्वारा किया जा रहा था, जिससे सीमा पार समन्वय और समर्थन के बारे में चिंताएं बढ़ गईं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने इस अभियान को बड़ी सफलता बताते हुए खतरे की व्यापकता और गंभीरता को रेखांकित किया। यादव ने कहा, एक बड़ी सफलता में, जिला अमृतसर ग्रामीण, जिला गुरदासपुर, एसएसओसी-अमृतसर ने केंद्रीय एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियान में आईएसआई प्रायोजित बीकेआई आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया, जिसे विदेश स्थित एक हैंडलर द्वारा संचालित किया जा रहा था, और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## 'मंदिरों में रोक से बंटेगा हिंदू धर्म', सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट में सबरीमाला से जुड़े संवैधानिक मामलों की सुनवाई के दौरान गुरुवार को एक अहम टिप्पणी सामने आई, जिसने धार्मिक अधिकारों और सामाजिक एकता पर नई बहस छेड़ दी है। बता दें कि नौ जजों की संविधान पीठ इस मामले की समीक्षा कर रही है, जिसमें धार्मिक संप्रदायों के अधिकार और आम लोगों की पहुंच जैसे मुद्दे शामिल है।

मौजूद जानकारी के अनुसार, सुनवाई के दौरान जस्टिस बी वी नागरत्ना ने कहा कि अगर किसी संप्रदाय के मंदिरों में अन्य लोगों के प्रवेश पर रोक लगाई जाती है, तो



इसका असर पूरे हिंदू धर्म पर पड़ सकता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हर व्यक्ति को मंदिरों और मठों में जाने का अधिकार मिलना चाहिए, ताकि समाज में विभाजन न बढ़े।

दरअसल, वरिष्ठ वकील सी एस वैद्यनाथन ने दलील दी कि संविधान का अनुच्छेद 26(ख) धार्मिक संप्रदायों को अपने धार्मिक मामलों को स्वयं संचालित करने का अधिकार देता है और यह अनुच्छेद 25(2)(ख) से ऊपर होना चाहिए। गौरतलब है कि अनुच्छेद 25(2)(ख) राज्य को यह अधिकार देता है कि वह सभी वर्गों के हिंदुओं के लिए धार्मिक स्थलों के द्वार खोल सके।

इस पर कोर्ट ने पहले के एक महत्वपूर्ण फैसले का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया था कि सार्वजनिक धार्मिक स्थलों पर सभी वर्गों को प्रवेश मिलना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना ने यह भी कहा कि अगर किसी मंदिर को केवल एक विशेष समुदाय तक सीमित कर दिया जाए, तो इससे समाज में बंटवारा बढ़ेगा और यह धार्मिक दृष्टि से भी सही नहीं होगा।

## सीएम की कुर्सी सम्राट चौधरी के पास आएगी या बीजेपी फिर चौंकाएगी?

### दिल्ली पर टिकीं सबकी नजरें



**बिहार**

**बिहार** के सीएम नीतीश कुमार आज (09 अप्रैल) दिल्ली पहुंच गए. चर्चा है कि शुक्रवार (10 अप्रैल) को वो राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ लेंगे. 11 तारीख को पटना लौटेंगे. अब सवाल ये है कि वो मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा किस दिन देंगे? इधर सीएम नीतीश कुमार दिल्ली के लिए रवाना हुए तो उसके कुछ ही देर बाद बिहार बीजेपी के बड़े नेताओं ने भी दिल्ली की उड़ान भर दी क्योंकि दिल्ली से ही तय होगा कि बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन बनेगा? सम्राट चौधरी के पास कुर्सी आएगी या इखढ फिर चौंकाएगी, ये भी सवाल है क्योंकि सीएम की रेस में आठ नाम हैं.

10 अप्रैल को दिल्ली में बीजेपी कोर ग्रुप की बैठक

दरअसल 10 अप्रैल को ही दिल्ली में बिहार बीजेपी की कोर ग्रुप की बैठक होगी जिसकी अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन करेंगे जो खुद बिहार से आते हैं. हालांकि अभी भी ये साफ नहीं है कि बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन बनेगा. लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि सबकुछ बहुत जल्द होने वाला है.

कल जब दिल्ली में बिहार बीजेपी नेताओं के साथ कोर ग्रुप की बैठक होगी तो उसमें मुख्यमंत्री के नाम पर चर्चा हो सकती है. कोशिश यही हो रही है कि आम सहमति से किसी नाम पर मुहर लगाई जाए.

## दिल्ली में 1,511 कॉलोनियों पर केंद्र का बड़ा फैसला!

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने दिल्ली की 1,511 अवैध कॉलोनियों को रेगुलर करने का बड़ा फैसला लिया है, जो दिल्ली के 13 जिलों में लागू होगा. दिल्ली में कुल 1,731 अवैध कॉलोनियां हैं, जिनमें से 1,511 को '२७२, ढ्ढीश्ी७२' यानी जैसी है वैसी ही रेगुलर किया जाएगा. अब सवाल है कि क्या केंद्र सरकार दिल्ली की काया पलटने वाली है और इससे असर क्या पड़ेगा? जानेंगे एक्सप्लेनर में...

सवाल 1: दिल्ली में 1,511 अवैध कॉलोनियों को वैध करने का प्लान क्या है?

जवाब: दिल्ली में कुल 1,731 अवैध कालोनियों में 1,511 वैध होंगी, जबकि बाकी जंगल, रिज, यमुना फ्लडप्लेन, मॉन्यूमेंट के पास या आई-इनकम एरिया वाली 220 कॉलोनियां प्लान से बाहर रखी गई हैं. इस फैसले से 1,511 कॉलोनियों में रहने वाले करीब 10 लाख परिवारों को फायदा मिलेगा. हालांकि, इसके लिए 1 जून 2014 से पहले बने या खरीदे गए घर ही योग्य होंगे. अब यह घर पूरी तरह से वैध हो जाएंगे. कोई नया लेआउट प्लान बनाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### लखनऊ में 81 करोड़ से बन रहा भव्य अंबेडकर स्मारक

## सीएम योगी के फैसले से पूरा हुआ सपना

**उत्तर प्रदेश**

**बाबा साहेब** डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम पर हो रही सियासत के बीच, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 81 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा ह्यभारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है.

इस भव्य प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य जोरों पर है और उम्मीद जताई जा रही है कि इसी साल के अंत तक इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा.



अम्बेडकर महासभा ट्रस्ट के अध्यक्ष लालजी निर्मल ने बताया कि इस भव्य स्मारक की मांग दशकों से की जा रही थी. डॉ. अंबेडकर की पत्नी सविता अंबेडकर ने भी उनके लिए एक भव्य स्मारक की इच्छा जताई थी. जब यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखा गया, तो उन्होंने तुरंत इसे मंजूरी दे दी. इसके बाद वर्ष 2021 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस सांस्कृतिक केंद्र का शिलान्यास किया था.

क्या-क्या होंगी सुविधाएं?

करीब 81 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस अत्याधुनिक स्मारक में कई विश्वस्तरीय सुविधाएं होंगी:

सभागार और ध्यान केंद्र: 500 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक भव्य ऑडिटोरियम और शांति के लिए एक विशेष विपश्यना (ध्यान) केंद्र बनाया जा रहा है।

# प्रधानों ने की चुनाव कराने या कार्यकाल बढ़ाने की मांग

## मांडा में 26 मई को समाप्त हो रहा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** ब्लॉक मुख्यालय पर ग्राम प्रधानों ने प्रदर्शन कर सरकार से समय पर पंचायत चुनाव कराने या उनका कार्यकाल बढ़ाने की मांग की। प्रधानों का वर्तमान कार्यकाल 26 मई को समाप्त हो रहा है।

अखिल भारतीय प्रधान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येन्द्र त्रिपाठी, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष नीलम पथिक और अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुअज्जम काजिम सहित कई प्रधानों ने अपनी बात रखी। उन्होंने मांग की कि यदि चुनाव में देरी होती है, तो प्रशासक नियुक्त न किया जाए और प्रधानों को वित्तीय अधिकार दिए जाएं।

सत्येन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे आगे भी अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि 20 अप्रैल को प्रयागराज के 23 ब्लॉकों में मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसके बाद प्रयागराज जिलाधिकारी को भी ज्ञापन दिया जाएगा। प्रधानों ने मनरेगा मजदूरों के तीन से चार महीने के बकाया भुगतान और दो साल पुराने मनरेगा के पक्के कार्यों का पैसा न मिलने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने सरकार से इन भुगतानों को तुरंत जारी करने की मांग की। इस दौरान मंडल अध्यक्ष आशा देवी, प्रधान संघ अध्यक्ष राधिका देवी द्विवेदी, कमलेश कुमार, राम भवन, रविंद्र कुमार शुक्ला, प्रेम शंकर द्विवेदी, विजय कुमार सिंह, बब्बू लाल यादव, मंजू सिंह, इंद्रजीत, सुशीला देवी, महेंद्र पाल सिंह, छवि, राजकुमारी, उषा देवी, सावित्री देवी, राम सिंह, राम जी, रामकिशन, सीमा देवी, शिवकली, असद अली, श्याम बहादुर, हीरावती, उषा देवी, कुसुम देवी, प्रदीप कुमार, धनराजी देवी, राधा देवी, निर्मला, पूजा तिवारी, लाल बाबू,मनोज कुमार सहित कई अन्य प्रधान उपस्थित थे।

# 12 अप्रैल को मेजा में होगी प्रमासपा की विशाल जनसभा, कार्यकर्ताओं से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील

**सहसों।** प्रगतिशील मानव समाज पार्टी की एक महत्वपूर्ण बैठक सहसों स्थित पार्टी कार्यालय पर राष्ट्रीय सचिव मौजी लाल बिंद की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने एवं आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल ने जानकारी दी कि आगामी 12 अप्रैल, रविवार को सुबह 11:00 बजे प्रयागराज के अखरी शाहपुर, मेजा में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इस जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद बिंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहकर कार्यकताओं एवं जनसमूह को संबोधित करेंगे।

उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर जनसभा को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। साथ ही संगठन विस्तार पर विशेष जोर देते हुए नए लोगों को पार्टी से जोड़ने की रणनीति पर भी बल दिया गया। बैठक में मदन चंद्र बिंद, अमर बहादुर बिंद, राम अचल बिंद, गिरधारी लाल सरोज, जगदीश बिंद, राजू बिंद, हरिशंकर बिंद, बीपी परवाना, रामजतन बिंद, मानसिंह बिंद, बसंत लाल विश्वकर्मा सहित कई कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष को मातृ शोक



**जंघई।** बरना, जंघई गांव निवासी ठेकेदार सुनील सिंह अध्यक्ष प्रतापपुर विधानसभा जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी की माताजी का लंबी बीमारी से निधन हो गया है। उनके निधन से परिवार के सदस्य एवं गांव, रिश्तेदार, शोकाकुल है। गांव, क्षेत्र एवं रिश्तेदारों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। शोक संतप्त परिजनों में शोकाकुल परिजनों में अशोक सिंह, अनिल सिंह, तेजबहादुर सिंह, नागेंद्र बहादुर, प्रेम बहादुर, जगदीश, लाल बहादुर, आनंद सिंह सोनू, आशीष सिंह मोनू, रोशन सिंह, राबिन सिंह, अंकित सिंह गोलू आदि लोग मौजूद रहे।

### सेवानिवृत एडीओ पंचायत को भातृ शोक



**जंघई।** सराय ममरेज थानांतर्गत भेलखा, वृंदावन गांव निवासी अमरेश कुमार लल्लू पांडेय 58 वर्ष तीन भाईयों संकठा प्रसाद पांडेय, गुलाब चंद्र पांडेय सेवानिवृत एडीओ पंचायत में लल्लू सबसे छोटे थे 27 मार्च को देर शाम बारिश होने के कारण भेलखा बाजार से वृंदावन अपने घर जा रहे थे, जैसे ही हनुमान मंदिर से आगे पहुंचे और घर की तरफ दाहिने जाने लगे कि सामने और पीछे से बाइक सवार लोगों से टक्कर हो गई और लल्लू गिरकर तड़पने लगे टक्कर इतनी जोरदार थी कि लल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। सिर में गंभीर चोंट आई परिजन सूचना पर पहुंचे और इलाज हेतु प्रयागराज में भर्ती कराया जहां 28 मार्च को भोर में उनका निधन हो गया। परिवार, गांव, क्षेत्र में इस आकस्मिक दुर्घटना से शोक का माहौल व्याप्त है। मृतक लल्लू के परिवार में उनकी पत्नी, दो बेटे हैं, एक बेटे की की सड़क दुर्घटना में करीब 13 वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी लल्लू पांडेय के आकस्मिक निधन से परिवार गहरे सदमे में है। बुधवार को त्रयोदशाह के मौके पर तमाम लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

### भारतगंज में हजरत सोना शाह का 104वां उर्स, महफिले शमा में मशहूर उलेमा और शायर देंगे प्रस्तुतियां

**मांडा ।** क्षेत्र के भारतगंज स्थित हजरत सोना शाह रहमतुल्लाह अलैहे का 104वां उर्स बुधवार और गुरुवार की रात आयोजित किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन मोहल्ला चिकान स्थित दरगाह शरीफ पर होगा। उर्स के लिए दरगाह परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। इस दो दिवसीय आयोजन में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के पहुंचने की उम्मीद है, जहां विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। उर्स का मुख्य आकर्षण महफिले शमा होगी। इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए मशहूर उलेमा और शायर अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे। इनमें बिहार से नसीम शहर साहब और पीलीभीत से सलीम रजा साहब शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन कैफ रजा इलाहाबादी करेंगे, जबकि हजरत मौलाना सैय्यद मोहम्मद कामिल मियाँ साहब भारतगंज इसकी सदारत करेंगे।गुरुवार को कव्वाली का भी आयोजन होगा, जिसमें दानिश मोनिश अली खान रामपुरी और गुलाम कादिर पेंटर रात भर अपनी कव्वालियों से जायरीनों को मंत्रमुग्ध करेंगे। मजार शरीफ के गद्दी नशीन हजरत सूफी शकील साहब ने बताया कि उर्स के दौरान दरगाह पर चादरपोशी, दुआएं और फातिहा की जाएंगी। अकीदतमंद देश के लिए अमन व शांति की दुआएं मांगेंगे। मजार की इंतजामिया कमेटी उर्स के इंतजाम में जुटी है। कमेटी ने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

### पुलिस आयुक्त के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा ।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकश्याम उर्फ पूरे हिंचा निवासनीय अनीता देवी पत्नी संजय कुमार का आरोप है कि उसके विपक्षी एक राय होकर लोहे की राड,फावडा लेकर घर में घुसकर जानलेवा हमला बोल दिए तथा मार पीट कर उसे और उसके पति संजय को लहुलुहान कर बेहोश कर दिए। उपचार के बाद अनीता देवी ने इसकी शिकायत पुलिस आयुक्त से की पुलिस आयुक्त के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने आशीष कुमार,मनीष कुमार, जगदीश कुमार, दीपक कुमार,राम दुलारी,सुनीता देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन में चोरी, अज्ञात में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** क्षेत्र के ग्राम हरखपुर स्थित सलेमपुर सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन में चोरों ने निरीक्षण भवन का ताला तोड कर सोलर प्रणाली,लेबल मशीन,सिलिंग फैन, बैटरी आदि चोरी कर ले गए। सिंचाई खंड प्रथम के अवर अभियंता मनीष यादव ने बुधवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ मऊआइमा थाना में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में मिशन शक्ति टीम ने किया जागरुक



**जंघई।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना मिशन शक्ति फेस 5.0 के अंतर्गत द्वितीय चरण में बुधवार को नागरिक पीजी कॉलेज जंघई में महिला राष्ट्र के विकास की अनिवार्य धुरी शीर्षक पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम संयोजिका डाक्टर ममता यादव ने छात्राओं को केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं साइबर फ्रॉड के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरुक किया। इस दौरान छात्राओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम खुशी गुप्ता, द्वितीय मीनाक्षी कन्नौजिया बीए षष्टम सेमेस्टर और तृतीय स्थान बी०ए० सेकंड सेमेस्टर की अंकिता यादव ने प्राप्त किया।

# गांव की बंदिशें पड़ी भारी, किशोरी की आत्महत्या से उठे कई सवाल

## रोक-टोक के साए में घुटी जिंदगी, खामोश होकर चली गई किशोरी

**ड्बेटा-बेटी के भेदभाव पर करारा सवाल, किशोरी की मौत बनी चेतावनी**

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** कौंधियारा क्षेत्र में एक किशोरी की आत्महत्या की घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। इस दर्दनाक घटना ने न केवल एक परिवार को गहरे शोक में डुबो दिया, बल्कि समाज को भी आईना दिखाने का काम किया है। आज भी कई घरों में बेटा और बेटी के बीच भेदभाव और अनावश्यक पाबंदियां बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल रही हैं। महानगर के खुले और स्वतंत्र माहौल में पली-बढ़ी यह किशोरी जब गांव लौटी, तो यहां के सख्त सामाजिक नियमों और परंपराओं के बीच खुद को ढाल नहीं सकी। उसके मन में उठ रहे सवाल और भीतर का संघर्ष धीरे-धीरे गहराता गया, जिसे समय रहते समझा नहीं जा सका।

कौंधियारा थाना क्षेत्र में साक्षी तिवारी की मौत के मामले में पुलिस जांच में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए हैं। एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम खान के अनुसार, मृतका की मां ने स्वीकार किया है कि साक्षी ने घर के अंदर फंदे से लटककर आत्महत्या की थी। घटना को अलग रूप देने के उद्देश्य से परिजनों ने शव को नीचे उतारकर घर के बाहर रख दिया था।

पुलिस के अनुसार, साक्षी करीब 14 वर्षों तक मुंबई में अपने पिता के साथ रही थी और लगभग चार वर्ष पूर्व गांव लौटी थी। खुले विचारों की होने के कारण वह गांव के माहौल और सामाजिक बंधनों के साथ सामंजस्य स्थापित नहीं कर पा रही थी। बार-बार की रोक-टोक और लड़के-लड़कियों के बीच भेदभाव को लेकर वह आंतरिक रूप से आहत थी और धीरे-धीरे मानसिक तनाव में रहने लगी थी। यही तनाव अंततः उसकी जिंदगी पर भारी पड़ गया।

बताया जाता है कि किशोरी ने एक दिन पूर्व ही आत्महत्या कर ली थी। बुधवार सुबह पिता अवनीश तिवारी और भाई के मुंबई से गांव पहुंचने के बाद करछना के मनइया घाट पर उसका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम विदाई के दौरान परिजनों और ग्रामीणों की आंखें नम रहीं।

# गांव चलो अभियान के तहत धर्मपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क, बुजुर्गों का किया सम्मान



**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी गंगापार द्वारा पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे ह्लगांव चलो अभियानह्व के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम सभा धर्मपुर उर्फ घुरवा में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल महामंत्री पवन कुमार शुक्ला ने किया। इस दौरान कार्यकताओं ने गांव का भ्रमण कर प्रभावशाली एवं सम्मानित बुजुर्गों से मुलाकात की। उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हुए पार्टी की ओर से टोपी एवं पट्टा पहनाकर उनका सम्मान किया गया। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। कार्यकताओं ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में जहां कई देशों को पेट्रोल, गैस जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, वहीं भारत इन चुनौतियों से सुरक्षित है। यह देश के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता ने जिस विश्वास के साथ पार्टी को समर्थन दिया है, उस पर पार्टी पूरी तरह खरा उतरने के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी।

कार्यक्रम के संयोजक एवं शक्ति केंद्र पैगंबरपुर के संयोजक शुभम तिवारी ने उपस्थित ग्रामीणों एवं कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नागेंद्र शर्मा, सूर्यांश तिवारी, राज बहादुर यादव, आनंद तिवारी, बलवंत सिंह, कुलदीप तिवारी, सूर्यमणि पांडे, सागर शर्मा एवं आदित्य ओझा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अंबेडकर नगर की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी पांच घंटे

**नैनी।** नैनी क्षेत्र के अंबेडकर नगर की बिजली आपूर्ति शुक्रवार को पांच घंटे बंद रहेगी। संबंधित उपखंड अधिकारी (एसडीओ) विक्रांत जैस ने बताया कि जेल रोड विद्युत उपकेंद्र से जुड़े स्टोर फीडर के अंतर्गत अंबेडकर नगर से जुड़े उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति प्रदान की जाती है। शुक्रवार को अंबेडकर नगर में जर्जर हो चुके बिजली के पोल को कर्मचारियों के द्वारा बदलने का कार्य किया जाएगा। जिसकी वजह से सुबह दस से लेकर दोपहर बाद तीन बजे तक बिजली आपूर्ति लगभग पांच घंटे तक बाधित रहेगी। उन्होंने जनमानस से अपील किया है कि वह पानी इत्यादि की व्यवस्था विद्युत आपूर्ति बाधित होने से पूर्व कर लें।

# भागवत कथा के लिए कोलाही में भव्य कलश यात्रा माधव रसपान के लिए उमड़े श्रद्धालु



**करछना।** विकास खंड करछना के कोलाही (टकटैया) में सप्तदिवसीय भागवत कथा का भव्य माधव रस प्रारम्भ दिव्य कलश यात्रा से शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर भक्तों की बड़ी संख्या ने भाग लिया और श्रद्धा के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए। कलश यात्रा का आयोजन यजमान के गृह से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए डीहा गंगा घाट पर पवित्र गंगा जल भर कर कलश यात्रा का समापन किया तत्पश्चात कथा स्थल तक यात्रा पहुँची।

कथा के आयोजक संजय शुक्ल व ऋषभ शुक्ल ने बताया कि यह कथा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करेगी और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग दिखाएगी। कलश यात्रा में भाग लेने के लिए दूर-दूर से भक्तजन आए हैं, और सभी ने मिलकर एकता और भक्ति का प्रदर्शन किया।

कथा का संचालन प्रसिद्ध कथा वाचक पुराणवक्ता श्री परम् पूजनीय चंद्रमणि तिवारी के मुखरविंदो के द्वारा किया जाएगा, जो अपने प्रवचन के माध्यम से भक्तों को प्रेरित करेंगे। यजमान के रूप श्री लालता प्रसाद शुक्ल एवं श्रीमती कमला देवी इस कथा का श्रवण करेंगी! इस प्रकार की धार्मिक गतिविधियाँ समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देती हैं। इस कलश यात्रा में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान टकटैया चंदन शुक्ल सहित भारी संख्या में ग्राम वासियों कि उपस्थिति रही!

# पेप्सी कस्टमर एक्जीक्यूटिव पर हमला : मांडा रोड चौराहे पर मारपीट, आरोपी ओम मिश्रा पर केस दर्ज

**मांडा।** थाना क्षेत्र के मांडा रोड चौराहे पर पेप्सी कंपनी के एक कस्टमर एक्जीक्यूटिव (उए) के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। एक स्थानीय युवक ने उन्हें पीटा, जिससे उन्हें चोटें आईं। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना बुधवार को हुई थी। पीड़ित की पहचान निबैयां, मेजा रोड निवासी विनित शुक्ला (पुत्र कुशल प्रसाद शुक्ला) के रूप में हुई है। विनित वरुण बेवरेजेज लिमिटेड (पेप्सी) में कस्टमर एक्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत हैं। पुलिस को दी शिकायत में विनित शुक्ला ने बताया कि घटना के दिन वह अपने डिस्ट्रीब्यूटर के साथ बाजार में थे। वे मांडा रोड चौराहे पर स्थित डॉक्टर पान भंडार की दुकान के पास खड़े थे, तभी मांडा रोड चौराहे पर रहने वाला ओम मिश्रा अचानक वहां आ गया। ओम मिश्रा ने विनित शुक्ला के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर और गर्दन के पीछे चोटें आईं। विनित के अनुसार, जब उन्होंने हमलावर को रोकने का प्रयास किया, तो ओम मिश्रा ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। मांडा पुलिस ने विनित शुक्ला की शिकायत के आधार पर आरोपी ओम मिश्रा के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मांडा थाना प्रभारी माधव प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है।

# यमुनापार को अलग जिला बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में यमुनापार विकास समिति की एक बैठक नैनी के अभिनंदन भवन में संपन्न हुई जिसमें समिति के पदाधिकारियों सहित अनुषंगी संगठन अवंतिका विकास समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में यमुनापार को अलग जिला बनाने, नैनी की बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों को फिर से चालू करने सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति के संयोजक गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यमुनापार विकास समिति पिछले कई वर्षों से विकास के कार्यों के लिए कार्य कर रही है और भविष्य में भी अपना कर्तव्य निभाती रहेगी। उन्होंने यमुनापार को अलग जिला बनाने की मांग की जिससे क्षेत्र का समुचित विकास हो सके। उन्होंने कहा कि बिना नया जिला बनें यमुनापार का विकास सम्भव नहीं है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने कहा कि यदि नैनी में बंद पड़ी औद्योगिक इकाइयों को फिर से चालू कर दिया जाय तो यमुनापार के लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। उन्होंने शंकरगढ़ क्षेत्र में पेयजल की समस्या का स्थाई हल ढूढ़ने की मांग की। महामंत्री महाराज सिंह ने गांवों में बनी पेयजल की टंकियों तथा हर घर जल योजना के तहत बिछी पानी की पाइप में पानी न आने पर चिंता जताते हुए अविलंब पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। किसान नेता पवनेश उपाध्याय ने यमुनापार के किसानों की समस्याओं को उठाते हुए उनके निराकरण पर जोर दिया। ताराचन्द्र कुशवाहा ने यमुनापार की समस्याओं को दूर करने के लिए समिति के विस्तार की मांग रखा जिससे क्षेत्र की समस्याओं को सुलझाने के लिए प्रयास किया जा सके। कार्यक्रम को अवन्तिका विकास समिति के अध्यक्ष अनिल द्विवेदी, महामंत्री रणवीर सिंह, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा सुषमा विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में धीरेंद्र चौधरी, हरिशंकर पाल, खेमराज सिंह, डॉ अरविन्द सिंह पटेल, मंजू भल्ला, सिया दुलारी, संध्या पाठक आदि की सहभागिता रही।

**कार्यालय नगर पंचायत अझुवा-कौशाम्बी**

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत अझुवा जनपद कौशाम्बी के समस्त पंजीकृत/नवीनीकृत/अन्य फर्मों एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अझुवा को वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना के अन्तर्गत वार्ड नं0 1 भौतर में में अन्त्येष्टि स्थल के विकास कार्य हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृत की धनराशि-28.79 लाख रू0 प्राप्त हुई है। प्राप्त/स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों हेतु दिनांक 30/04/2026 को सायं 04.00 बजे तक ई-निविदाएं वेबसाइट https://e-tender.up.nic.in पर आमंत्रित की जा रही है, उक्त ई- निविदा को दिनांक 02/05/2026 को प्रातः 11.00 बजे ई-टेण्डर कमेटी के सदस्यों के समक्ष नगर पंचायत अझुवा कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा सम्बंधी पूर्ण एवं विस्तृत विवरण टेण्डर प्रपत्र शर्तों आदि की जानकारी दिनांक 13/04/2026 से 30/04/2026 सायं 04.00 बजे तक उ0प्र0 की ई-प्रिक्योरमेंट की वेबसाई https://e-tender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। ई-निविदा की समस्त कार्यवाही उक्त वेबसाईट के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी। ई-निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि केसल राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अझुवा के पदनाम से बंधक ही मान्य होगी। प्रति निविदा मूल्य के साथ-साथ गौवंशो के भरण पोषण हेतु धनराशि-2000.00 रूपये अलग से नगद/आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर पंचायत अझुवा के नगर निधि के खाता सं0 35716626492 भारती स्टेट बैंक शाखा अझुवा कौशाम्बी में जमा कर रसीद और 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 की स्कैन कॉपी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। यह भी अवगत कराना है कि निविदा डालने के पूर्व निविदा के साथ संलग्न समस्त नियम/शर्तों को भली-भॉति जानकारी कर लें, किसी भी त्रुटि के लिए निकाय जिम्मेदार नही होगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ई-टेण्डर कमेटी के सदस्यों को होगा। निविदा खुलने के दिन यदि किसी कारणवस अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जोयगी। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस, में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अथवा वेबसाइट https://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत अझुवा**
**कौशाम्बी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत अझुवा**
**कौशाम्बी**

पत्रांक-916(2)/न0पं0अ0/ई-निविदा सूच0/2026-27 दिनांक-09/04/2026

# दिशा समिति की बैठक : विकास कार्य समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण हों, जलभराव से निपटने को बने ठोस योजना

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में गुरुवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सर्किट हाउस सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने की, जबकि भदोही सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद सहअध्यक्ष के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, कृषि, विद्युत और स्वास्थ्य समेत केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों के शीघ्र समाधान के निर्देश भी दिए गए।




**जलभराव और नदियों के जीर्णोद्धार पर जोर**

जनप्रतिनिधियों ने मटियारी, कंजासा समेत कई क्षेत्रों में जलभराव और कर्णावती नदी की साफ-सफाई का मुद्दा उठाया। इस पर समिति ने मनरेगा के तहत नालों की सफाई और सहायक नदियों के जीर्णोद्धार का कार्य कराने के निर्देश दिए। गंगापार और यमुनापार क्षेत्रों में जल निकासी के लिए कार्ययोजना तैयार करने और कमेटी गठन पर भी सहमति बनी।

**सड़क निर्माण और मरम्मत में लापरवाही पर सख्ती**

समिति ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनी सड़कों का सत्यापन कर खराब सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण में गुणवत्ता की कमी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा गया। अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने पर भी जोर दिया गया।

**मनरेगा और अन्य योजनाओं की गहन समीक्षा**

मनरेगा के तहत रजिस्टर्ड फर्मों से ही कार्य कराने और भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। 60:40 अनुपात में कार्य कराने और ग्राम रोजगार सेवकों के भुगतान में देरी न हो, इस पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। योजनाओं में जनप्रतिनिधियों के सुझाव को प्राथमिकता देने की बात भी दोहराई गई।

**पेंशन, आवास और कृषि योजनाओं पर निर्देश**

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत पात्र लोगों को पेंशन का लाभ सुनिश्चित करने और अपात्रों को बाहर रखने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्रों का सत्यापन कर किसी भी जरूरतमंद को वंचित न रखने पर जोर दिया गया।

कृषि क्षेत्र में किसानों की मिट्टी जांच, खाद-बीज की उपलब्धता और फसल बीमा योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**प्रोटोकॉल में लापरवाही पर जांच के निर्देश**

बैठक में जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल में लापरवाही की शिकायत पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जांच के निर्देश दिए। दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई। साथ ही सभी विभागों को जनप्रतिनिधियों के सम्मान और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

**जनप्रतिनिधियों की सहभागिता पर जोर**

समिति ने स्पष्ट किया कि किसी भी योजना की कार्ययोजना बनाते समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सुझाव अवश्य शामिल किए जाएं और उन्हें समय-समय पर जानकारी भी दी जाए।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि सभी निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### आरएएफ में मनाया गया शौर्य दिवस



**फाफामऊ।** 101 रैपिड एक्शन फोर्स शान्तिपुरम, प्रयागराज (उ०प्र०) में 'शौर्य दिवस" बड़े ही गौरव एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम 101 वाहिनी के कमांडेण्ट मनीष कुमार भारती तथा अन्य अधिकारीगण एवं जवानों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों के अदम्य साहस एवं बलिदान को नमन किया। तत्पश्चात कमांडेंट महोदय ने क्वार्टर गार्ड में सलामी ली तथा सभी अधिकारियों एवं जवानों को संबोधित किया महोदय ने अपने संबोधन में कहाँ कि आज ही के दिन वर्ष 1965 में भारत-पाक सीमा पर सरदार पोस्ट पर तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की दूसरी वाहिनी की एक छोटी सी बहादुर टुकड़ी ने पाकिस्तानी सेना के लगभग 3500 जवानों वाले ब्रिगेड को खदेड़ दिया था। यह घटना सैन्य इतिहास में अद्वितीय मिसाल है, जो साहस, कर्तव्यपरायणता एवं मातृभूमि की रक्षा हेतु सर्वोच्च बलिदान का प्रतीक है। इसी कारण प्रतिवर्ष 09 अप्रैल को पूरे देश में "शौर्य दिवस' मनाया जाता है। उन्होंने सभी कार्मिकों को कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के साथ सेवा करने हेतु प्रेरित किया कार्यक्रम के दौरान विशेष सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। साथ ही वाहिनी परिसर में जवानों के बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा भोजनालय में बड़े खाने का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरिओम सागर, (द्वि. कमा. अधि), बलबीर सिंह, (उप. कमा.), यज्ञ कुमार सिंह, (उप. कमा.), नीरज कुमार (उप.कमा.), अन्य अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान एवं महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

### मंदिरों पर चोरों का धावा: एक ही रात में दो स्थानों पर चोरी



**मांडा ।** इलाकाई थाना मांडा क्षेत्र में चोरों ने एक ही रात में दो मंदिरों को निशाना बनाया है। इन घटनाओं से स्थानीय पुलिस की गश्त पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मांडा निरंजनी अखाड़ा के अध्यक्ष दिगंबर मोहित गिरी महाराज ने बुधवार को मांडा थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात बाबा बूढ़े नाथ मंदिर के गर्भगृह में रखी दान पेटी की कुंडी तोड़कर अज्ञात चोर नकदी ले गए। चोरी की जानकारी बुधवार सुबह मंदिर खुलने पर हुई। महाराज ने आशंका व्यक्त की है कि इस वारदात में नशेड़ियों का गिरोह शामिल हो सकता है। उन्होंने इसे धर्मविरोधी कृत्य बताते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इसी रात दशमीहवा पहाड़ी स्थित भोलेनाथ मंदिर में भी चोरी हुई। चोरों ने मंदिर से घंटा और दान पात्र चुरा लिया। ग्रामीणों ने बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस गश्त पर सवाल उठाए हैं। पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

## निर्माणाधीन मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, दो गिरफ्तार

**झूंसी।** क्षेत्र में निमार्णाधीन मकानों को निशाना बनाने वाले शातिर गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए झूंसी पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी महेश मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने त्रिवेणीपुरम रेलवे ग्राउंड के पास घेराबंदी कर पुरामुफ्ती निवासी अजय प्रकाश और विनोद कुमार पटेल को दबोच लिया।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से दो ग्राइंडर, ड्रिल मशीन, कटर, प्लास और भारी मात्रा में बिजली के तारों का कॉपर बरामद किया है। इसके अलावा, घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और 1340 नगद भी जब्त किए गए हैं। बताया जा रहा है कि पकड़े गए युवकों ने हाल ही में निमार्णाधीन आवास पर चोरी की थी, जिसके चलते पुलिस पर इस मामले के खुलासे का भारी दबाव था।

**दरोगा के घर हुई चोरी की नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट**

झूंसी क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। चार महीने पहले एक निमार्णाधीन मकान में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने अपने ही विभाग के दरोगा की रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित दरोगा वर्तमान में प्रतापगढ़ में तैनात हैं। न्याय के लिए उन्होंने झूंसी थाने समेत एसीपी और डीसीपी कार्यालय के कई चक्कर लगाए, लेकिन विभाग की उदासीनता के कारण अब तक कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस के इस ढुलमुल रवैये से पीड़ित दरोगा काफी आहत हैं।

## माघ मेला 2026 : उत्कृष्ट परिवहन सेवाओं के लिए रैपिडो को मिला 'प्रिफर्ड मोबिलिटी पार्टनर' सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** माघ मेला 2026 के दौरान श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाने पर रैपिडो को ह्यप्रिफर्ड मोबिलिटी पार्टनरह्ण के रूप में सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रयागराज मेला प्राधिकरण की ओर से आई-ट्रिपलसी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मेला प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और मेला अधिकारी ऋषि राज ने कंपनी के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान अधिकारियों ने मेले जैसे विशाल आयोजन में रैपिडो की सेवाओं की सराहना की। मंडलायुक्त ने कहा कि माघ मेले में लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारु बनाए रखना बड़ी चुनौती होती है, जिसे रैपिडो ने प्रभावी ढंग से पूरा किया। उन्होंने इसे भविष्य के माघ और कुंभ मेलों के लिए उपयोगी मॉडल बताते हुए कहा कि आगे ऐसे तकनीक-आधारित परिवहन साधनों का विस्तार किया जाएगा। मेला अधिकारी ऋषि राज ने बताया कि रैपिडो ने अपने मल्टी-कैटेगरी प्लेटफॉर्म के जरिए यातायात प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अनुभव के आधार पर भविष्य में आधुनिक मोबिलिटी सेवाओं को और मजबूत किया जाएगा। रैपिडो के प्रतिनिधियों ने कहा कि इतने बड़े आयोजन में विश्वसनीय परिवहन सेवा उपलब्ध कराना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन कंपनी ने उच्च मांग के बावजूद बेहतर संचालन सुनिश्चित किया। उन्होंने इस सम्मान को अपनी सेवा गुणवत्ता और क्षमता की पहचान बताया। मेले के दौरान रैपिडो ने बड़े पैमाने पर परिवहन सेवाएं प्रदान कीं। करीब 6.1 लाख राइड्स पूरी की गईं, जबकि बाइक टैक्सी, ऑटो, कैब और ई-रिक्शा श्रेणियों में 6,500 से अधिक कैप्टनों की तैनाती की गई। इसके अलावा लगभग 1.2 लाख महिला उपयोगकर्ताओं और 1,100 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों को विशेष सुविधाएं दी गईं। इन प्रयासों से खासकर भीड़भाड़ के समय लास्ट-माइल कनेक्टिविटी बेहतर हुई और यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला।




## यमुनापार में ओलावृष्टि आंधी और बारिश से हुए नुकसान का डीएम तत्काल कराएं आंकलन : योगेश शुक्ल

कहा - विगत दस दिनों से यमुनापार क्षेत्र के मेजा कोरांव बारा और करछना के किसानों के हुए नुकसान के क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए आदेश के क्रम में मुआवजे के बाबत डीएम प्रयागराज तत्काल उठाएं कदम

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने जनपद में ओलावृष्टि, बेमौसम बारिश और आंधी तूफान से किसानों के हुए नुकसान के बाबत मुख्यमंत्री द्वारा दिए निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी प्रयागराज से नुकसान का तत्काल मुआवजा देने हेतु आंकलन कराए जाने की मांग करते हुए कहा कि कहा कि विगत 10 दिनों से प्रतिदिन यमुनापार के मेजा, कोरांव , बारा और करछना क्षेत्र में कही न कही ओलावृष्टि, तेज तूफान, बारिश के कारण हर क्षेत्र के किसानों का भारी नुकसान हुआ है जिससे उनके साल भर के उम्मीद पर कही न कही से

निराशा दिख रही है। श्री शुक्ल ने कहा कि ऐसे में देश की मोदी सरकार और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार किसानों के साथ पूरी तरह से खड़ी है, और उत्तर के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महराज ने तत्काल मुआवजा देने के लिए निर्देशित भी कर चुके हैं। उन्होंने प्रयागराज के जिलाधिकारी से यमुनापार क्षेत्र के प्रत्येक क्षेत्र के किसानों के नुकसान का सही आकलन करवाते हुए तत्काल मुआवजा के लिए कार्यवाही करने की मांग की है ताकि किसानों को तहसील परिसर और कर्मचारियों का चक्कर न लगाना पड़े।



यमुनापार में ओलावृष्टि आंधी और बारिश से किसानों का हुए नुकसान के संबंध में खेतों का निरीक्षण करते भाजपा नेता

## नगर निगम जोनल कार्यालय 5 में भारतीय किसान यूनियन ने प्रदर्शन किया

**नैनी।** नैनी नगर निगम जोनल कार्यालय 5 में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (भानू) ने प्रदर्शन किया। संगठन ने विस्तारित क्षेत्रों में गृहकर वसूली और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन पंकज सिंह ने कहा कि विस्तारित क्षेत्रों में अवैध गृहकर वसूली की जा रही है, जिसे तत्काल रोकने की आवश्यकता है। नगर निगम की सीमा में आने वाले हमारे किसान भाई अपनी मूलभूत सुविधाओं से परेशान है उन्हें कोई भी सुविधा नहीं मिल पा रही है। यूनियन ने मूलभूत सुविधाओं के अभाव में गृहकर वसूली पर रोक लगाने की मांग की है। राष्ट्रीय महासचिव वी.के. सिंह ने बताया कि सड़कों पर सफाई नहीं है। क्षेत्र में जनता परेशान है। गृहकर और जलकर की लगातार वसूली की जा रही है। क्षेत्र की जनता अपनी सुविधाओं को लेकर कार्यालय का चक्कर लगाती है, लेकिन उन्हें सुविधाओं के लिए तरसना पड़ता है। सुविधा शुल्क देने वालो की सुनवाई की जा रही है, गरीब जनता की सुनवाई भोगों प रहो है। अधिकारी उनकी किसी भी समस्या को ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि संगठन की मांगों में नगर निगम जोन-5 में भ्रष्टाचार में संलिप्त कर्मचारियों की जांच कर उन्हें हटाने की बात कही गई है। इसके अतिरिक्त, विस्तारित क्षेत्रों में एक टीम गठित कर गृहकर का सर्वेक्षण कराने और सही दरों को लागू करने की मांग की गई है। यूनियन को इस टीम की जानकारी उपलब्ध कराने को भी कहा गया है। उन्होंने कहा कि एक अन्य मांग वार्ड संख्या-4 की ग्रामसभा गोंती सहकारी समिति तक सड़क निर्माण से संबंधित है। यूनियन का कहना है कि सड़क बनने से किसानों को खाद और बीज लेने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि आगे हमारी मांगे को पूरा नहीं किया जाता है तो यह प्रदर्शन नगर निगम मुख्यालय पर बड़ी संख्या में किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में पंकज सिंह, डॉ वीके सिंह, संकल्प सिंह, रूबी बानो, अमरावती, अनिल सिंह, सोनी, रत्नाकर सिंह, बाबा सिंह, पिंटू मिश्रा, बृजेश शुक्ला, संदीप कृष्णा राज, निशांत शुक्ला, संदीप पांडे, मनीष श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

## प्रयागराज में 'आठवां पोषण माह' शुरू: बच्चों के मस्तिष्क विकास पर रहेगा खास फोकस

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में गुरुवार को आठवें पोषण माह का शुभारंभ विकास भवन स्थित यमुना सभागार में किया गया। जिला विकास अधिकारी जी.पी. कुशवाहा ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। यह अभियान 9 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल 2026 तक चलेगा।

इस वर्ष पोषण माह की थीम ह्लजीवन के प्रथम 6 वर्षों में मस्तिष्क विकास को अधिकतम करनाह्ण निर्धारित की गई है। इसके तहत मातृ एवं शिशु पोषण, 0 से 3 वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक विकास, 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा तथा बच्चों के स्क्रीन समय को कम करने में अभिभावकों और समुदाय की भूमिका जैसे विषयों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान जिला विकास अधिकारी ने पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि बच्चों के शुरूआती वर्षों में सही पोषण और देखभाल उनके संपूर्ण विकास के लिए बेहद जरूरी है, इसलिए इस अभियान को जन-आंदोलन के रूप में चलाया जाना चाहिए। अभियान के अंतर्गत आयोजित गतिविधियों की फोटो और रिपोर्ट जन आंदोलन डैशबोर्ड पर संबंधित विभागों द्वारा अपलोड की जाएगी। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों को मजबूत बनाने के लिए सामुदायिक सहयोग पर भी जोर दिया जाएगा।

इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, रॉकेट लर्निंग की जिला समन्वयक सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां और सहायिकाएं मौजूद रहीं।



## 10 अप्रैल को जारी होगी मतदाता सूची: एक सप्ताह तक कर सकेंगे नाम का सत्यापन

**प्रयागराज।** प्रयागराज में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। यह सूची जनपद और विधानसभा स्तर पर संबंधित कार्यालयों में उपलब्ध रहेगी। प्रशासन की ओर से जारी सूचना के अनुसार, अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर तैयार की गई इस अंतिम मतदाता सूची को जिला निर्वाचन कार्यालय और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों में प्रकाशित किया जाएगा। इसके साथ ही जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर भी सूची एक सप्ताह तक निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। मतदाता इस अवधि के दौरान संबंधित केंद्रों पर जाकर अपना या अपने परिजनों का नाम सूची में जांच सकते हैं। इसके अलावा ऑनलाइन माध्यम से भी मतदाता सूची का अवलोकन किया जा सकेगा। इसके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रयागराज की आधिकारिक वेबसाइट और मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश की वेबसाइट पर सूची उपलब्ध रहेगी। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा ने आमजन से अपील की है कि वे समय रहते मतदाता सूची में अपने नाम का सत्यापन अवश्य कर लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

## परिषदीय विद्यालयों दाखिला बढ़ाने हेतु जन जागरूकता और जनसहभागिता है बेहद अहम : अनिल कुमार

बुनियादी शिक्षा को बेहतर बनाने और शत प्रतिशत दाखिला सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान के तहत बीएनटी इंटर कालेज में गोष्ठी आयोजित

**मेजा ब्लाक के 55 निपुण हुए विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित,कार्यक्रम के दौरान बीईओ मेजा कैलाश सिंह मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर जताया आभार**

**मेजा।** बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने और शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चल रहे स्कूल चलो अभियान के तहत गुरुवार को मेजारोड स्थित बद्री नाथ तिवारी इंटर कॉलेज में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रयागराज अनिल कुमार रहे। इस दौरान गोष्ठी को संबोधित करते हुए बीएसए अनिल कुमार ने कहा कि इस अभियान का मूल उद्देश्य अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों का नामांकन आंगन बाड़ी केंद्रों पर तथा 6 वर्ष पूर्ण कर चुके बच्चों का प्राथमिक विद्यालयों में दाखिला सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसके लिए व्यापक जनजागरूकता और जनसहभागिता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज परिषदीय विद्यालय संसाधनों से सुसज्जित हैं, इसलिए जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों को मिलकर गांव-गांव संपर्क कर अभिभावकों को जागरूक करना चाहिए।



स्कूल चलो अभियान के तहत गोष्ठी आयोजित करने के बाद बीएसए प्रयागराज की मौजूदगी में जनजागरूकता रैली निकालते शिक्षक व जनप्रतिनिधि

उन्होंने अभियान के संकल्प वाक्य ह्लएक भी बच्चा छूटा, संकल्प हमारा टूटाह्ण को दोहराते हुए सभी से इसे सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान पाती अमरनाथ सोनकर ने की। गोष्ठी के पश्चात मेजारोड बाजार में एक विशाल जन जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में स्काउट गाइड के छात्र, एनसीसी कैडेट शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राएं शामिल हुए। रैली को बीएसए प्रयागराज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के के बाद प्राथमिक विद्यालय गौरा पौसिया में निपुण सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें ब्लॉक मेजा के 55 निपुण हुए संस्था प्रमुखों को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला समन्वयक विकास पांडे, समाजसेवी एवं भाजपा नेता राजू शुक्ल,पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभा शंकर ओझा, प्रधान संघ अध्यक्ष उरुवा राजेश दुबे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नाथू गुप्ता साधन साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष राहुल तिवारी बीके मिश्र, विवेकानंद पांडे, कमला शंकर यादव, हसीब सिद्दीकी, यामवंत सिंह, प्रवीण दुबे,शिव उपाध्याय, जगदीश निगम, अखिलेश चौधरी,अनीता वर्मा, अनामिका पाण्डेय, ज्योति दुबे तथा रेखा आदि के अलावा क्षेत्र के कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी और स्वागत प्रधानाचार्य दीपक पांडे ने किया। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सभी जन प्रतिनिधियों का अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस आयोजन ने न केवल शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई है बल्कि समाज को एकजुट करने और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक प्रयास का संदेश भी दिया है।

# जिलाधिकारी ने गेहूँ क्रय केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

## क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद पारदर्शी हो, किसानों को समय पर करें भुगतान : जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने गेहूॅ क्रय केन्द्र परसनी, दाउदपुर, गौरामाफी का औचक निरीक्षण कर गेहूॅ खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। गेहॅू क्रय केन्द्र परसनी के निरीक्षण केन्द्र प्रभारी से अब तक खरीद के सम्बन्ध जानकारी ली तो बताया कि 350 कुन्तल की खरीद की गयी है जिस पर निर्देशित किया कि किसानो से सम्पर्क कर गेहॅू खरीद में तेजी लायी जाये। उन्होने इस दौरान स्टाक, इलेक्ट्रानिक कांटा सहित अन्य रजिस्टरो का अवलोकन किया और केन्द्र पर सबसे अधिक गेहॅू विक्रय करने वाले किसान से फोन के माध्यम से वार्ता भी की। इस दौरान डीएम ने साधन सहकारी समिति परसनी का निरीक्षण कर केन्द्र प्रभारी से खाद की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की और समिति में पुरानी खादों को डिस्पोजल कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। डीएम ने परसनी ग्रामसभा की जमीन का सीमांकन कराने और वहां पर बने तालाब का जीर्णोद्धार कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया।

इसके उपरान्त गेहॅू क्रय केन्द्र दाउदपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र प्रभारी सरिता यादव ने बताया कि 16 किसानों से 558 कुन्तल गेहॅू की खरीद की गयी है। इस दौरान गेहॅू की गुणवत्ता को देखा व वहां पर उपस्थित किसानों से पैदावार के जानकारी प्राप्त की। साधन सहकारी समिति दाउदपुर में खाद की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की। क्रय केन्द्र गौरामाफी के निरीक्षण में केन्द्र प्रभारी धर्मेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि 21 किसानो से 950 कुन्तल की खरीद की गयी है, सबसे अधिक खरीद होने पर डीएम ने केन्द्र प्रभारी की सराहना की। गेहॅू क्रय केन्द्र पर इलेक्ट्रानिक कांटा का भी अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने खाद गोदाम कुम्हिया पट्टी का भी निरीक्षण किया और वहां पर उपलब्ध विभिन्न प्रकार की खादो के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि गोदाम से खादों का उठान किया जाता है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गेहॅू क्रय केन्द्रो पर उपस्थित किसानो से वार्ता कर उनकी समस्यायें सुनी। उन्होने कहा कि गेहॅू खरीद शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नही की जायेगी। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानो को भुगतान समय से सुनिश्चित किया जाये और अब तक हुये भुगतान की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होने निर्देशित किया कि गेहॅू खरीद की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे। जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानो की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाये और किसी स्तर पर अनावश्यक देरी न होने पाये। उन्होने कहा कि केन्द्रों पर किसानो के पानी, बैठने आदि की व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से रहे, किसानो को किसी भी तरह से परेशान न किया जाये। निरीक्षण के दौरान ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट अनुष्का शर्मा, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने नामित सभासदों को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**अखंड भारत संदेश**



**पट्टी।** इलाके की आदर्श नगर पंचायत पट्टी में शासन से नामित किए गए तीन सभासदों डॉक्टर के एल विश्वकर्मा, रमेश चंद्र सोनी एवं मनोज कुमार खंडेलवाल को एसडीएम पूर्ण मिश्रा द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात सभी सभासदों का माल्यार्पण कर उन्हें नई जिम्मेदारियां की बधाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल तथा मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार उर्फ पप्पू सिंह एवं एसडीएम पुनींद्र मिश्रा तथा ईओ राबिन सिंह मंच पर उपस्थित रहे। नगर पंचायत पट्टी में चुने गए 10 सभासद है जबकि तीन नामित सदस्यों के साथ एक अध्यक्ष को लेकर अब नगर पंचायत कमेटी में कुल 14 लोग हो गए हैं। वहां मौजूद सभी लोगों ने तालियां बजाकर तथा नामित सदस्यों को माला पहनकर बधाई दी तथा दी गई जिम्मेदारियां का निर्वहन सही तरीके से किए जाने की बात कही। ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार उर्फ पप्पू सिंह ने सभी सभासदों को आशीर्वचन दिया एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नगर पंचायत के बढ़ते हुए विकास कार्यों में नामी सदस्य भी अपना योगदान दें। कार्यक्रम में स्वागत भाषण ओ रोबिन सिंह ने किया जबकि अध्यक्ष भाषण करते हुए अशोक जायसवाल ने अपने सभासद साथियों के साथ विकास को नई ऊंचाई की ओर ले जाने का वायदा दोहराया जिसका उपस्थित जनों ने तालिया से स्वागत किया। इस मौके पर बुदुल सिंह, जुग्गी लाल जायसवाल, पवन सिंह सभासद गौरव श्रीवास्तव संतोष पुष्पकर राम सजीवन सोनी विपिन सिंह समेत तमाम मस्तानी लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सभासद एवं भाजपा के जिला मंत्री राम चरित्र वर्मा ने किया।

## ई-रिक्शा चोरी के मामले में 20 दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**पट्टी।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा चोरी के मामले में पुलिस की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। पीड़ित की तहरीर के बावजूद करीब 20 दिन तक मुकदमा दर्ज न करने के बाद अब पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गोंई गांव निवासी मासकू अली ने प्राइवेट फाइनेंस कंपनी से लोन लेकर परिवार के भरण-पोषण के लिए ई-रिक्शा खरीदा था। बीते 19 मार्च की रात रोजा इफ्तार और नमाज के बाद वह अपना ई-रिक्शा घर के सामने चार्जिंग के लिए खड़ा कर सोने चला गया। सुबह उठने पर ई-रिक्शा गायब मिला, जिससे उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने तत्काल स्थानीय पुलिस और डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने तहरीर तो ले ली, लेकिन आरोप है कि करीब 20 दिनों तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। इतना ही नहीं, पुलिस उल्टे पीड़ित पर ही लोन बकाया होने का हवाला देकर संदेह जताती रही।

# आगजनी से काबू पाने को लेकर दी गई जागरूकता, बताए गए गुर



**प्रतापगढ़।** सगरा सुन्दरपुर स्थित रामकृपाल मिश्र इण्टर कालेज और चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल के छात्र छात्राओं को गुरूवार को अग्नि से बचाव का गुर सिखलाया गया। लालगंज की फायर बिग्रेड टीम के द्वारा आपदा प्रबंधन के तहत छात्र छात्राओं को मॉक ड्रिल परीक्षण के जरिए बचाव की जानकारियां प्रदान की गयी। स्टेशन प्रभारी सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र व राहुल तिवारी तथा अमन मिश्र की टीम ने आग लगने की स्थिति में इसे बुझाने तथा आकस्मिक बचाव के लिए प्रशिक्षित किया गया। वहीं गैस सिलेण्डर में अचानक आगजनी की स्थिति में इसके फैलाव पर भी काबू पाने का गुर बताया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर ध्रुव नारायण मिश्र, सूर्यभान वर्मा, सुचिता त्रिपाठी, समशाद अहमद, रोहित यादव, शेखर शुक्ला, निशाद फातिमा, संजू तिवारी, दिव्या तिवारी, शिव नारायण गुप्ता आदि रहे।

## महिला की पिटाई को लेकर चार के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस

**प्रतापगढ़।** महुआ के नुकसान को लेकर हुए विवाद में पीड़िता के साथ मारपीट व गालीगलौज को लेकर सांगीपुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के दखिनहन का पुरवा पहाड़पुर निवासिनी प्रतीक्षा यादव पत्नी विनोद यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सात अप्रैल को वह दरवाजे पर महुआ सुखा रही थी। इस बीच गांव के वीर प्रताप यादव पुत्र शंभूनाथ की भैंस महुआ खाने लगी। नुकसान को लेकर पीड़िता ने शिकायत किया तो आरोपी ने अपने घर से कुछ सदस्यों को बुलवा लिया। इसके बाद आरोपी वीर प्रताप तथा लवलेश पुत्र शंभूनाथ व मोनी पुत्री शंभू नाथ तथा रानी पत्नी उमेश ने गालीगलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पीडिता को मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौंपी। घटना की जानकारी होने पर लालगंज सीओ आशुतोष मिश्र ने सांगीपुर पुलिस को कडी कार्रवाई के निर्देश दिये। सांगीपुर पुलिस ने आरोपी वीर प्रताप समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि केस दर्ज किया गया है।

# आरोपी पति पर पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी

**पट्टी।** बीते सोमवार की सुबह 8 बजे दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सरखेलपुर गांव में सुनसान जगह पर लहूलुहान हालत में एक 32 वर्षीय महिला के मिलने से हड़कंप मच गया था। उस दौरान आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रानीगंज थाना क्षेत्र के घायल महिला के मां की तहरीर पर पति सहित सात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच के दौरान दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही थी, बुधवार को महिला के पति महताब अली को 315 बोर अवैध असलहा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया गया। देर शाम एस आई रमिल कुमार की तहरीर आर्म एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के बाद मामले को नया मोड़ आ गया है। सोमवार की घटना में शामिल मुख्य आरोपी पति महताब अली के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी तो अवैध असलहा बरामद कर आखिर दिलीप पुर पुलिस क्या साबित करना चाहती है। इस मामले को लेकर क्षेत्र में जहां तरह तरह की चर्चा है वहीं पुलिस की इस कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं। पति प्रेमी व पांच अन्य लोग घटना के मुख्य आरोपी हैं। घटना स्थल पर एक घरेलू चाकू बरामद की गई थी, दूसरे दिन मंगलवार की शाम फोरेंसिक टीम भी सरखेल पुर गांव पहुंच कर साक्ष्य संकलन किया है। दिलीप पुर पुलिस द्वारा अवैध असलहा बरामद करने को लेकर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज रघुवंशी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ हमला के बाद अवैध असलहा होने की बात सामने आई थी, चेकिंग के दौरान महताब के पास अवैध 315 बोर का असलहा कारतूस मिला है। आर्म एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## युवती के अपहरण को लेकर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** दवा लेने घर से निकली युवती के लापता होने को लेकर सांगीपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के देवीगढ़ नेवादा निवासिनी कमला देवी पत्नी राम मनोहर सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी पचीस वषीर्या पुत्री बीती तीन अप्रैल को दवा लेने के लिए घर से निकली। पुत्री के देर रात तक वापस न आने पर परिजन अप्रिय घटना की आशंका में परेशान हो उठे। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर सांगीपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ युवती के अपहरण का केस दर्ज किया है। एसओ सांगीपुर गौरव त्रिवेदी का कहना है कि किशोरी के फोन को सर्विलांस पर लेकर शीघ्र उसका पता लगाया जाएगा।

# पटना देवी धाम को मिली विकास की बड़ी सौगात, सांसद ने किया लोकार्पण



**कुंडा।** राजापुर पटना क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल पटना देवी धाम में विकास की नई रोशनी देखने को मिली। उत्तर प्रदेश राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य ने यहां सोलर लाइट और ओपन जिम की सौगात देकर क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा प्रदान की। इस पहल से न केवल श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी, बल्कि स्थानीय युवाओं को भी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान सांसद ने कहा कि धार्मिक स्थलों का विकास क्षेत्र की पहचान को मजबूत करता है और यहां आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देना उनकी प्राथमिकता है। सोलर लाइट लगने से अब धाम परिसर रात में भी जगमग रहेगा, जिससे सुरक्षा और सुविधा दोनों में वृद्धि होगी। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए सांसद अमर पाल मौर्य का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के विकास कार्यों से क्षेत्र की तस्वीर बदल रही है। पटना देवी धाम अब आधुनिक सुविधाओं से युक्त होकर श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के लिए और अधिक आकर्षक बन गया है। इस अवसर पर अजीत मौर्य, शिवाकांत दुबे, अवधेश सिंह, राजू द्विवेदी, रुद्र भान सिंह, बद्री सिंह, दिनेश यादव (प्रधान, पटना), छोटे लाल यादव, गोविंद समेत अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# न्यूज झरोखा

### श्रीमदभावगत कथा के श्रवण मात्र से मनुष्य के मिट जाते हैं कष्ट- स्वामी विवेकानन्द



**लालगंज।** स्थानीय विकासखण्ड के रायपुर तियांई चैराहे पर आयोजित श्रीमदभागवत कथा में गुरूवार को कथावाचक द्वारा मनमोहक कथा का प्रस्तुतिकरण किया गया। कथा को आगे बढ़ाते हुए कथावाचक स्वामी विवेकानंद महराज ने कहा कि श्रीमदभागवत कथा के श्रवण मात्र से ही सारे कष्ट व पाप मिट जाते हैं। उन्होने कहा कि जीवन में जो भागवत कथा का श्रवण कर लेता है वह यमराज के बंधन से मुक्त हो जाया करता है। उन्होने कथा के दौरान उद्धव प्रसंग, गोर्वधन पर्वत प्रसंग, पूतना वध आदि का मार्मिक वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। कथाव्यास स्वामी विवेकानंद महराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धरती पर पाप का विनाश करने के लिए अवतार लिया। उन्होने आसुरी शक्तियों का नाश कर धरती को धर्म के मार्ग पर आगे जाने का रास्ता दिखाया। इस मौके पर अर्जुन जायसवाल, पूर्व प्रधान निक्के सरोज, विनोद सरोज, मुन्ना मौर्या, शिवकरन चतुर्वेदी, सोनू, निखिल मिश्र, प्रमोद सिंह, सरदार सिंह, बब्बन सिंह, अभिमन्यु सरोज आदि मौजूद रहे।

### वकीलों के लिए स्वास्थ्य बीमा के नीतिगत निर्देश को लेकर जतायी खुशी

**लालगंज।** हाईकोर्ट के प्रयागराज के डबल बेंच द्वारा हाल ही में प्रदेश के वकीलों के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य बीमा को लेकर सरकार को दिये गये नीतिगत निर्देश को लेकर यहां वकीलों में खुशी देखी गयी। गुरूवार को यहां हुई आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन की बैठक में हाईकोर्ट के निर्णय को स्वागत योग्य करार दिया गया। एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि हाईकोर्ट के द्वारा प्रदेश के सभी अधिवक्ताओं के लिए सरकार को अनिवार्य एवं व्यापक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य बीमा तैयार किये जाने का यह आदेश न्यायिक मिशन को स्वस्थ वातावरण दे सकेगा। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य कर्मचारियों और सभी संवर्ग के शिक्षकों को कैशलेस बीमा प्रदान किया है। उन्होने कहा कि यह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है कि अधिवक्ताओं के लिए इस प्रकार की बार बार मांग के बावजूद सरकार ने कोई पहल नही की। उन्होने कहा कि न्यायिक नीतिगत निर्देश को लेकर उनका एसोसिएसन सरकार के समक्ष इस बिंदु पर परामर्शी मसौदा सौपेगा। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएसन के महासचिव अनिल तिवारी महेश व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता सत्येन्द्र श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर विपिन शुक्ल, संतोष पाण्डेय, शिव नारायण शुक्ल, सिंटू मिश्र, पारसनाथ सरोज, ओपी जायसवाल, इरफान हुसैन, दीपेन्द्र तिवारी, सुशील शुक्ल, सुरेन्द्र सिंह, राम अभिलाष यादव, गीता सिंह, शैलेन्द्र शुक्ला, संतोष सिंह, संजय सिंह, विनोद शुक्ला, अरूण द्विवेदी, उदयराज पाल, ललित गौड़, घनश्याम संवरिया, उमाशंकर मिश्र, प्रमोद मिश्र, प्रभाकर पाल, रामकिंकर शुक्ल आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### सदहा में बन रहा भव्य शिव मंदिर, उद्योगपति रामदेव पाण्डेय की पहल बनी मिसाल

**पट्टी।** आसपुर देवसरा क्षेत्र के सदहा गांव में भगवान शिव के भव्य मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। ह्लबाबा विश्वंभर नाथह्व मंदिर के रूप में आकार ले रही यह धार्मिक धरोहर क्षेत्र में आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। इस पुनीत कार्य का श्रेय डाही गांव निवासी एवं मुंबई के प्रतिष्ठित उद्योगपति व समाजसेवी रामदेव पाण्डेय को जाता है। जो श्री मातेश्वरी ट्रांसपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के संचालक हैं। उन्होंने अपने अथक परिश्रम के दम पर मुंबई में विशेष पहचान बनाई है। सफलता के शिखर पर पहुंचने के बावजूद उन्होंने अपने गांव और क्षेत्र से गहरा जुड़ाव बनाए रखा है। इसी भाव के तहत उन्होंने सदहा गांव में भगवान शिव के भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प लिया, जो अब साकार होता दिख रहा है। ग्रामीणों के अनुसार यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी प्रमुख स्थल होगा। यहां धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ बच्चों को संस्कार और शिक्षा से जोड़ने के प्रयास भी किए जाएंगे। स्थानीय लोगों ने रामदेव पाण्डेय के इस सराहनीय योगदान की जमकर प्रशंसा की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह के कार्य न सिर्फ समाज को प्रेरित करते हैं, बल्कि गांवों के समग्र विकास और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाते हैं।ग्रामीणों ने रामदेव पाण्डेय के प्रति आभार जताते हुए मंदिर निर्माण कार्य के शीघ्र पूर्ण होने की कामना की है।

### सिविल बार एसोसिएशन की बैठक में लिए गए अहम फैसले

**कुंडा।** गुरुवार को सिविल बार एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष हनुमान प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में संघ के संचालन, अनुशासन एवं वित्तीय पारदर्शिता को लेकर कई अहम निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। बैठक में सबसे पहले संघ की वित्तीय व्यवस्था को दुरुस्त करने पर जोर दिया गया। निर्णय लिया गया कि संघ की समस्त धनराशि को नियमानुसार तत्काल संघ के अधिकृत बैंक खाते में जमा कराया जाएगा, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही संघ विरोधी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया गया कि ऐसे मामलों में संघ के संविधान में वर्णित प्रावधानों के तहत सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी कहा गया कि संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कदम उठाए जाएं और संघ की धनराशि को तत्काल कोषाध्यक्ष के सुपुर्द किया जाए। अध्यक्ष हनुमान प्रसाद पाण्डेय को निर्देशित किया गया कि वे इन सभी मामलों में संघ के संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उचित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में संघ की गरिमा, अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

### विवाहिता को घर से निकालने का आरोप

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के बलीपुर गांव निवासी नीलम सरोज पत्नी पिंटू सरोज ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि उसकी शादी डेढ़ वर्ष पहले हुई थी। उसकी दो महीने की बेटी है। आरोप है कि सात अप्रैल की शाम करीब पांच बजे उसकी सास, ननद आदि उसको गालियां देते हुए बेटी सहित घर से भगा दिया। उसके पति ने भी फोन पर गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। बताया कि वह पिता के घर आ गई है। पीड़िता ने ससुरावालों के खिलाफ नामजद तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई की बात कह रही है।

# बाघराय पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार



**कुंडा।** थाना बाघराय पुलिस ने न्यायालय से वांछित एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार थाना बाघराय में दर्ज मुकदमा में संबंधित वारंटी अभियुक्त आलोक कुमार पाण्डेय पुत्र विजयप्रकाश निवासी ग्राम जालिमगंज बरौलिया को पुलिस ने उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की उम्र करीब 24 वर्ष बताई जा रही है। इस कार्रवाई को थाना बाघराय के उपनिरीक्षक राहुल एवं उपनिरीक्षक देवी दयाल वर्मा की टीम ने अंजाम दिया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# गेहूं के बोझ को लेकर विवाद में मारपीट, 9 पर केस दर्ज

**पट्टी।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र में गेहूं के बोझ गायब होने को लेकर पूछताछ करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि दबंगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके तीन दांत टूट गए। पुलिस ने मामले में 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के कोठियाही गांव निवासी रमाशंकर दुबे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार की शाम वह अपने खेत में मड़ाई के लिए 48 बोझ गेहूं रखकर घर लौट आए थे। बुधवार सुबह करीब 6 बजे जब वह खेत पर पहुंचे तो पांच बोझ गेहूं गायब मिले। पीड़ित के अनुसार, पास में स्थित श्याम शंकर के खेत की ओर संदेह होने पर जब उन्होंने इस बारे में पूछताछ की, तो श्याम शंकर और उनका बेटा रोहित भड़क गए और शोर मचाकर परिवार के अन्य लोगों को बुला लिया। देखते ही देखते आधा दर्जन से अधिक लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में रमाशंकर दुबे के तीन दांत टूट गए और शरीर पर गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर पहुंचे परिजनों को आता देख हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।देर रात पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कोठियाही गांव निवासी श्याम शंकर, रोहित, बंशी, रामेश्वर, गजाधर, सन्नी दुबे, रिंकू, भोलू और विपिन सहित कुल 9 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी हुई है।

# वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने दी मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां




**प्रतापगढ़।** सराय जानमती स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में हुए वार्षिकोत्सव में छात्राओं ने राष्ट्रीयतापरक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंह तथा वार्डेन वंदना पाण्डेय द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि बीईओ सुरेश सिंह ने कहा कि छात्राओं को बेहतर शिक्षा के जरिए आत्मनिर्भरता प्रदान कर सामाजिक सरोकार को मजबूत बनाया जा सकता है। वार्डेन वंदना पाण्डेय ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। छात्रा अदिति, नंदिनी, राधिका, शशी, शगुन, अंतिमा आदि द्वारा मां सरस्वती की वंदना व स्वागत गीत तथा भाव नृत्य के साथ राष्ट्रीय एकता पर आधारित कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी। संचालन पूनम मिश्रा व शालिनी मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर सादमा सिददीकी, दीपमाला गौड, अनामिका वर्मा, कामना उपाध्याय, प्रज्ञा मिश्रा, नेहा, हरिमोहन यादव आदि रहे।

## मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध घायल

**पट्टी।** आसपुर देवसरा विकासखंड क्षेत्र के भरोखन गांव में खेत पर काम कर रहे एक वृद्ध पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गए। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई।जानकारी के अनुसार, भरोखन गांव निवासी अमरनाथ गुरुवार को करीब 3रू30 बजे अपने खेत में गेहूं का बोझ बांधने गए थे। इसी दौरान अचानक मधुमक्खियों ने उन पर हमला बोल दिया, जिससे वह घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।इस संबंध में डॉक्टर अखिलेश कुमार जायसवाल ने बताया कि वृद्ध को मधुमक्खियों ने काटा है। फिलहाल उनका उपचार जारी है और उनकी हालत सामान्य बनी हुई है।

# जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल में सुनीं ग्रामवासियों की समस्याएं

**विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश, जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम में छूटे हुए घरों को कनेक्शन देने के निर्देश**

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज गॉव की समस्या,गॉव में समाधान के अन्तर्गत विकास खण्ड मूरतगंज की ग्राम-गौसपुर में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना एवं सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ग्राम के लाभार्थियों से पुष्टाहार मिलने, पेंशन, शौचालय का लाभ मिलने, राशन मिलने, कन्या सुमंगला योजना एवं आवास आदि योजनाओं से लाभान्वित होने की जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि छूटे हुए सभी पात्र लोगों को शीघ्र लाभान्वित कर दिया जाय। उन्होंने ग्रामवासियों से पूँछा कि अध्यापक समय से विद्यालय आते हैं या नहीं, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता,ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य करते हैं कि नहीं, जिस पर ग्रामवासियो ने बताया कि अध्यापक विद्यालय समय से आते हैं एवं ठीक प्रकार से शिक्षण कार्य भी करते हैं। उनके द्वारा नजदीकी सामुदायिक/ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने उप कृषि निदेशक को परिषदीय विद्यालय में ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत कराए गए कार्यों, साफ-सफाई की स्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता एवं निपुण तालिका अपडेट आदि का सत्यापन कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने ग्राम में गठित स्वयं सहायता समूह एवं लखपति दीदियों की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत लाभान्वित किया जाय,ताकि वे अपने उद्यम को और बढ़ा सकें। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान किया व बच्चों को अन्नप्राशन भी कराया।ग्राम चौपाल में अधिशासी अभियंता, जल निगम ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम में जलापूर्ति की जा रही है,जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि छूटे हुए घरों को भी कनेक्शन दे दिया जाए। बैठक में बताया गया कि ग्राम में 55 लोगों को वृद्धावस्था पेंशन एवं 64 निराश्रित महिलाओं को पेंशन का लाभ मिल रहा है। ग्राम में 22 स्वयं सहायता समूह गठित हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 42 परिवारों का सर्वे किया गया है ग्राम चौपाल में सीएमओ एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामवासियों को विभागीय योजनाओं/कार्यक्रमों की जानकारी देकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

## हत्या की साजिश रचने वाले तीसरे अभियुक्त को महेवाघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** महेवा घाट थाना क्षेत्र में दिनांक 26.06.2025 को शिवसिंह पटेल द्वारा सूचना दी गयी कि उनके ऊपर विपक्षी प्रीती गौतम पुत्री रमेश गौतम के द्वारा चाकू से जानलेवा हमला किया गया महेवाघाट थाना पर सुस्-ंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्त धर्मेन्द्र को दिनांक 29.06.2025 को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा न्यायालय भेजा जा चुका है अभियुक्ता प्रीती गौतम द्वारा न्यायालय में आत्मसमर्पण किया जा चुका है उपरोक्त क्रम मे महेवाघाट थाना पुलिस टीम ने मुकदमा से सम्बन्धित प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त शोभित सिंह पुत्र अर्जुन सिंह निवासी ग्राम सिहारी पट्टी थाना धाता जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

## विवाहिता की हत्या में पति सास गिरफ्तार

**कौशांबी** करारी थाना क्षेत्र में दिनांक 08.04.2026 को विवाहिता प्रियंका को उसके पति व ससुरालीजनों द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर मारकर फासी के फंदे पर लटका दिया गया करारी पर मु0अ0सं0 85/26 धारा 80(2)/85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 09.04.2026 करारी पुलिस ने मुकदमा से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों पति धारा सिंह पुत्र स्व0 देवराज वा सास शितली देवी पत्नी स्व0 देशराज निवासीगण हकीमपुर थाना करारी को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है ।

## वारण्टी अभियुक्त को सराय अकिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

नेवादा कौशांबी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस ने मु0अ0सं0 25/2009 धारा 304 भादवि थाना सराय अकिल से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त फूलचन्द्र पुत्र दुवरी निवासी कादिरपुर नेवादा थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## न्यूज झरोखा

## बीमारी के चलते अधेड़ की हुई मौत




**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मालाक रेजमा गांव के मजरा खोजवापुर निवासी अमरनाथ उम्र 55 वर्ष पुत्र दुलारे की शादी विवाह नहीं हुई थी उनके संतान नहीं थी वह अपने छोटे भाई बसंत लाल की पत्नी धनपति और भतीजे सूरज बली के साथ रहते थे बीती रात उनकी संदिग्ध परिस्थितियों उनकी मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई है तो एसपी एडिशनल एसपी सीओ कोतवाल सहित भारी पुलिस फोर्स फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची है और मामले की जांच पड़ताल की है मृतक के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा बताया गया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनकी मौत बीमारी से आई है हालांकि गांव के लोगों का कहना है कि संपत्ति विवाद के चलते अमरनाथ की हत्या की गई है अमरनाथ की मौत के बाद पुलिस ने मृतक के भाई की पत्नी धनपति और भतीजे सूरज बली को अपने हिरासत में ले लिया है पकड़े गए आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## अपर जिलाधिकारी वि.रा.ने गेहूं की क्रॉप कटिंग कार्यों का किया निरीक्षण



**कौशांबी।** अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शालिनी प्रभाकर ने गुरुवार को तहसील सिरथू के ग्राम भड़ेसर में गेहूं की क्रॉप कटिंग कार्यों का निरीक्षण किया एडीएम ने गेहूं की क्रॉप कटिंग कराकर उत्पादकता का आकलन कर सीसीई एग्री ऐप पर अपलोड कराया।ग्राम निवासी नत्थूलाल के खेत में 43.33 वर्ग मीटर क्षेत्र पर क्रॉप कटिंग कराया गया, जिसमे तौल कराने पर उत्पादन 15.660 किलोग्राम पाया गया। जिससे 36.175 कुन्तल हेक्टेयर उत्पादन पाया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानो को फसल क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए क्रॉप कटिंग आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है।इस अवसर पर नायब तहसीलदार अपर्णा श्रीवास्तव एवं अपर सांख्यिकीय अधिकारी रवि कांत मिश्रा सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# उपजिलाधिकारी ने नामित सभासदों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ



**कौशांबी** नगर पालिका परिषद मंझनपुर में नामित सभासदों के शपथ ग्रहण का आयोजन नगर पालिका परिषद मंझनपुर में गुरुवार को उप जिलाधिकारी मंझनपुर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मंझनपुर ने नामित सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।शपथ लेने वाले सभासदों को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए ईमानदारी,निष्पक्षता और जनहित में कार्य करने की एसडीएम ने सलाह दी। उन्होंने कहा कि नगर के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान में सभासदों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है शपथ ग्रहण के बाद सभासदों ने नगर के विकास कार्यों को प्राथमिकता देने और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया है।इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेन्द्र फौजी अधिशासी अधिकारी प्रतिभा सिंह व सभी सभासद गण,पूर्व नामित सभासद,नगर पालिका परिषद के कर्मचारी नगर के सम्मानित नागरिक मौजूद रहे।

## स्थापना दिवस पर मोहनलाल इंटरनेशनल स्कूल में एनुअल फंक्शन का हुआ आयोजन



**हररायपुर कौशांबी** मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत मोहनलाल इंटरनेशनल स्कूल सोखदा में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी एनुअल फंक्शन का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया है वार्षिक उत्सव के इस कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों के समक्ष जलवा बिखेरा एनुअल फंक्शन में छात्र-छात्राएं नशा मुक्ति वा महिला जागरूकता के बारे में विभिन्न प्रकार के नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया वार्षिक उत्सव के अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में विद्यार्थियों द्वारा तरह-तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस मौके पर मोहनलाल इंटर नेशनल स्कूल के संस्थापक अरुणेंद्र कुमार यादव ब्लॉक प्रमुख बहादुरपुर व डायरेक्टर पावती हॉस्पिटल अजय यादव व चंद्रजीत यादव भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनिल यादव विनय यादव व प्रधानाचार्य अमर सिंह यादव एवं समस्त अध्यापक व छात्र-छात्राएं अभिभावक उपस्थित रहे।

## खतौनी में नाम अदालत से स्थगन आदेश फिर भी दूसरे पक्ष के लोग काट ले गए 8 बीघा खेत की खड़ी फसल

**कौशांबी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के घासीपुर गांव निवासी कपिल मुनि तिवारी पुत्र शिवचरण तिवारी और उनके भाइयों का नाम राजस्व की खतौनी में आराजी संख्या 370 रकबा 8 बीघा 8 विश्वा जमीन दर्ज है मामले का मुकदमा राजस्व परिषद में चल रहा है जिसमें कपिल मुनि के पक्ष में अदालत ने स्थगन आदेश भी पारित किया है जिसमें स्थगन आदेश भी 02 जून 2026 तक के लिए अदालत से मिला है जमीन में गेहूं सरसों चना की फसल लगाई गई थी लेकिन स्थगन आदेश के बाद विपक्षी राम अवतार के बेटे अवधेश नारायण आदित्य नारायण कृष्ण नारायण और लक्ष्मी नारायण ने बीते 10 दिनों के बीच 30 मार्च 2026 से 8 अप्रैल 2026 तक में 8 बीघा आठ विश्वा खेत की फसल में लगभग14 बिस्वा जमीन में गेहूं की फसल छोड़कर शेष लगभग साढ़े सात बीघा जमीन की गेहूं सरसों चना की फसल को काटकर बलपूर्वक उठा ले गए हैं जबकि अदालत से स्थगन आदेश है अदालत के आदेश की अवहेलना करते हुए उपरोक्त चारों आरोपियों ने फसल काट लिया उसे घर उठा ले गए हैं चौकी इंचार्ज बैरामपुर पर विपक्षों से साठगांठ करके खेत की फसल काटने का आरोप है जब चौकी इंचार्ज बैरमपुर से कपिल मुनि ने शिकायत किया तो चौकी इंचार्ज धमकी देने लगे कि ज्यादा एप्लीकेशन लेकर दौड़ोगे तुमको मारपीट कर बंद कर देंगे स्थगन आदेश का उलंघन करते हुए लगभग साढ़े 7 बीघा खेत की फसल गेहूं चना सरसों को काटकर उठा ले जाने वाले खेत का भूसा को उठा ले जाने वाले लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने की मांग आरोपियों से खेत की फसल गेहूं चना सरसों और उसके भूसा को बरामद करने की मांग फसल काटकर उठा ले जाने वाले चारों लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजने की मांग डीएम एसपी को शिकायती पत्र देकर कपिल मुनि ने किया है।

## अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने भूमि विवाद से संबंधित 05 शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण

**कौशांबी** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश एवं उप जिलाधिकारी चायल अरुण कुमार ने गुरुवार को ग्राम मोहम्मदपुर असवा में कैंप आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम के साथ भूमि विवाद से संबंधित 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया कैंप में शिकायतकर्ता अशोक कुमार को उनके पट्टे की भूमि पर कब्जा दिलाया गया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता राजेंद्र कुमार की पट्टे की भूमि की नाप कराकर कब्जा दिलाया गया एवं शिकायतकर्ता अशोक कुमार के खेत की दक्षिणी मेड का चिन्हांकन सहित आदि शिकायतों का निस्तारण किया गया।

## बालिका की मौत का जिम्मेदार 5000 रुपए का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार एवं पुलिस अभिरक्षा में लिया गया बाल अपचारी

**कौशांबी** चरवा थाना क्षेत्र में दिनांक 06.04.2026 को अरई सुमेरपुर गांव के बाहर जंगल खेतों में लड़की का शव पेड़ पर लटके होने की सूचना पर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम की कार्यवाही पूर्ण करायी गयी । पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतका की मृत्यु का कारण हैंगिंग पाया गया है चरवा थाना में मु0अ0सं0 68/2026 धारा 108/ 352/ 351(3) बीएनएस पंजीकृत हुआ मुकदमा से सम्बन्धित 01 अभियुक्त बब्बू यादव को दिनांक 07.04.2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा चुका है अन्य 02 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 05-05 हजार रू0 का इनाम घोषित किया गया था उपरोक्त क्रम में थाना चरवा पुलिस ने मुकदमा से सम्बन्धित 5000 रू0 के इनामिया वांछित अभियुक्त राजेन्द्र कुमार यादव पुत्र जगत नारायण यादव निवासी ग्राम चक सहाबुद्दीनपुर थाना करारी को गिरफ्तार किया तथा एक बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया है।

# अम्मी-अब्बू के विवाद में बच्चे का हुआ अपहरण

**कार सवार अब्बू ने युवकों के साथ किया अपहरण, पुलिस बच्चे को बरामद कर जांच में जुटी**

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशाम्बी।** अम्मी अब्बू के विवाद के बीच 4 साल के बच्चे का अपहरण कर लिया गया है हालांकि पुलिस ने बच्चे को बरामद कर लिया है गुरुवार को नाना के साथ स्कूल जा रहे 4 साल के बच्चे का अपहरण कोखराज थाना क्षेत्र के लाटपुर गांव के पास किए जाने से हड़कंप मच गया कार सवार युवकों के साथ बच्चे के पिता पर ही अपहरण किए जाने का आरोप लगा है,बच्चे के नाना ने घटना की सूचना पुलिस को दी,पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है और जांच में जुटी हुई है। कोखराज थाना क्षेत्र के बघेलापुर निवासी गुड्डू अपने नाती मोहम्मद अब्दुल्ला को गुरुवार को भरवारी स्थित एक स्कूल में छोड़ने में जा रहे थे,जैसे ही वह लाटपुर के पास पहुंचे स्विफ्ट कार सवार नकाबपोश युवक आए और उसके नाती को छीनकर फरार हो गए,पीड़ित गुड्डू ने डायल 112 पर इसकी सूचना दी,सूचना पर पहुंची डायल 112 और कोखराज थाना पुलिस ने जांच पड़ताल की और उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी।पुलिस को प्राथमिक जांच में पता चला कि मासूम बच्चे के माता पिता में वैवाहिक सम्बन्ध विच्छेद है और बच्चा अपनी मां के साथ अपने नाना के घर पर रहता है,बच्चे को उसका पिता ही उसके नाना से छीनकर ले गया है।कोखराज थाना क्षेत्र से बच्चे की अपहरण की सूचना पर एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने दो टीमों का गठन किया,जिसमें से एक टीम ने बच्चे के पिता के घर से मासूम बच्चे मो.अब्दुल्ला को सकुशल बरामद कर लिया है,वही आरोपी पिता बच्चे को घर पर छोड़कर फरार हो गया था,जिसकी तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है।

# बाइक सवार दंपति को रोडवेज बस ने मारी टक्कर दोनों घायल

अखंड भारत संदेश




**भरवारी कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज कस्बे में बाइक सवार दंपति को तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज चालक ने जोरदार टक्कर मार दी है जिससे दंपति सड़क पर गिर पड़े हैं और गंभीर घायल हो गए हैं दुर्घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोग पहुंचे मामले की सूचना चौकी पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है घायल दंपत्ति को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज में भती कराया गया है लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दंपति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है दंपति भरवारी कस्बे के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक भरवारी कस्बे के श्रवण कुमार केसरवानी अपनी पत्नी को साथ लेकर बाइक से गुरुवार को प्रयागराज जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार दंपत्ति मूरतगंज कस्बे में पहुंचे तेज रफ्तार अनियंत्रित रोडवेज बस चालक ने बाइक सवार दंपति की बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे बाइक सवार दंपति सड़क पर गिर पड़े हैं और घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपत्ति को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मूरतगंज पहुंचाया लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने इलाज के लिए दंपति को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है जानकारी मिलते ही परिवार के लोग भी जिला अस्पताल पहुंच गए हैं रोडवेज बस चालकों की लापरवाही के चलते सरकारी बसों से जिले में दुर्घटना बढ़ी है लेकिन रोडवेज चालकों के अनियंत्रित गति पर नियंत्रण लगता नहीं दिख रहा है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती है।

## चोरी के सामान के साथ अभियुक्त को पिपरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** पिपरी थाना में दिनांक 08.04.2026 को राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व0 बंसी लाल निवासी महमूदपुर मनौरी बाजार थाना पिपरी द्वारा सूचना दी गयी कि मेरे चरवा रोड़ स्थित लक्ष्मी गार्डेन गेस्ट हाउस से 04 सीलिंग फैन,इनवर्टर व टुल्लू अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया है पिपरी थाना पर मु0अ0सं0 76/2026 धारा 305ए बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में थाना पिपरी पुलिस ने आस-पास के लोगो से पूछताछ, सविर्लांस एवं सीसीटीवी के माध्यम से साक्ष्य संकलित करते हुए दिनांक 09.04.2026 को मुकदमा से सम्बन्धित प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त रंजीत उर्फ टानी पुत्र स्व0 फूलचन्द्र निवासी महमूदपुर मनौरी थाना पिपरी को मीरापुर रोड़ से गिरफ्तार किया अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 04 सीलिंग फैन व 01 इनवर्टर बरामद हुआ विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।अभियुक्तों के कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा जुर्म कबूल किया गया है।

## मोहम्मदपुर अनेठा में भूमि विवाद की 08 शिकायतों का एसडीएम सिराथू ने मौके पर कराया निस्तारण



**कौशांबी** मौके पर समाधान जनता को राहत अभियान के अंतर्गत आज उप जिलाधिकारी,सिराथू योगेश कुमार गौड़ द्वारा ग्राम मोहब्बत पुर अनेठा में कैम्प आयोजित किया गया।कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया।उप जिलाधिकारी की उपस्थिति में कुल 08 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। इनमें ग्राम समाज की भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाना,गाटा संख्या 657 एवं 658 का भाईयों के मध्य बंटवारा,नाली विवाद का निस्तारण तथा आबादी से जुड़े अन्य मामलों का समाधान शामिल है। शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण से सभी शिकायतकर्ता संतुष्ट हैं।उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## अंबेडकर जयंती पर शांति और भाईचारे के साथ मनेगा उत्सव : सैनी पुलिस




**कड़ा कौशाम्बी** आगामी डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती के पर्व को लेकर थाना सैनी के परिसर में शांति समिति पीस कमेट की एक बड़ी बैठक आयोजित की गई इस बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने की बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में निकलने वाले जुलूसों होने वाली जनसभाओं और बाबा साहब की प्रतिमाओं की सुरक्षा को लेकर एक ठोस योजना बनाना रहा बैठक में क्षेत्र के उन सभी आयोजकों को बुलाया गया था जो अंबेडकर जयंती पर जुलूस निकालते हैं या सार्वजनिक सभाएं करते हैं थाना प्रभारी ने सभी से उनके रूट और समय की जानकारी ली धर्मेंद्र सिंह ने साफ शब्दों में कहा कि खुशियां मनाते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि किसी भी दूसरे व्यक्ति को असुविधा न हो जुलूस के दौरान यातायात नियमों का पालन करने और निर्धारित रास्तों से ही निकलने की हिदायत दी पुलिस ने अपील की है कि त्योहार के दौरान सोशल मीडिया या किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें यदि कोई माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है तो उसकी सूचना तुरंत थाने में दें थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि बाबा साहब का जन्मदिन पूरे देश के लिए गौरव का दिन है उन्होंने आयोजकों से अपील की कि जुलूस में शांति बनाए रखें किसी भी तरह के भड़काऊ गाने न बजाएं और प्रशासन का सहयोग करें पुलिस आपकी सुरक्षा और सहायता के लिए 24 घंटे तैनात है बैठक में मौजूद सभी नागरिकों और आयोजकों ने पुलिस को भरोसा दिलाया कि वे हर साल की तरह इस बार भी पूरी सादगी और अनुशासन के साथ बाबा साहब की जयंती मनाएंगे।

## तालाब एवं नवीन परती की भूमि पर हुए अवैध आक्रमण को एसडीएम ने हटवाया

**कौशांबी।** मौके पर समाधान,जनता को राहत अभियान के अंतर्गत आज उप जिलाधिकारी,मंझनपुर एस.पी. वर्मा एवं अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अजेंद्र सिंह द्वारा ग्राम बरौला में कैम्प आयोजित किया गया। कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया ग्राम खेरवा मजरा बरौला निवासी शिकायतकर्ता हर्षित मिश्रा पुत्र राम सुमेर मिश्रा द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं जनसुनवाई के दौरान इस आशय की शिकायत की गयी कि ग्राम खेरवा मजरा बरौला स्थित आराजी संख्या 367,जो तालाब खाते की भूमि हैं एवं आराजी संख्या 371 जो नवीन परती खाते की भूमि है. इस पर ग्राम के कई लोगों द्वारा अस्थायी एवं स्थायी निर्माण करके कब्जा कर लिया गया है।राजस्व टीम द्वारा अभिलेखीय एवं स्थलीय जाँच के उपरान्त गाटा संख्या 367,जो तालाब खाते की भूमि है एवं गाटा संख्या 371, जो नवीन परती खाते की भूमि है.पर ग्राम के जयनारायण मिश्रा,गब्बर सिंह.शिव कमल सिंह इत्यादि के द्वारा किये गये अस्थायी कब्जे को मौके पर ध्वस्त कराया गया एवं ग्रामसभा भूमि पर किये गये अन्य स्थायी निर्माण,जिनके सम्बन्ध में धारा 67 की कार्यवाही तहसीलदार मंझनपुर के न्यायालय में लम्बित बताया गया है.उनमें आदेश होने के उपरान्त मौके पर बेदखली की कार्यवाही के लिए सम्बन्धित राजस्व कर्मियों को निर्देशित किया गया।

# मंदिर जीणीद्धार , सौंदयीकरण के लिए समाजसेवी का सराहनीय योगदान, एक लाख रुपए का दिया दान

अखंड भारत संदेश

**दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज के कई जरूरतमंद छात्रों की फीस, किताबें, कॉपियां और अन्य शैक्षणिक सामग्री की व्यवस्था हर वर्ष की जाती है**




**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के वार्ड नंबर 12 नयानगर निवासी वरिष्ठ सभासद फूल चंद्र केसरवानी ने एक बार फिर सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए धार्मिक कार्य में महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। उन्होंने अपने बड़े भाई शिव बाबू केसरवानी के साथ मिलकर शायरी माता मंदिर के जीणीद्धार हेतु 50 हजार रुपये का चेक मंदिर के जिम्मेदार संजय केसरवानी को सौंपा।बताया जाता है कि इससे पूर्व भी मंदिर के जीणीद्धार के लिए 51 हजार रुपये का सहयोग दिया जा चुका है। इस प्रकार कुल मिलाकर एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर समाजसेवा का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया गया है। इस मौके पर मौजूद संजय केसरवानी,अरविंद विश्वकर्मा और प्रेम जायसवाल ने बताया कि फूल चंद्र केसरवानी का परिवार सदैव समाजसेवा में अग्रणी रहा है। उनके छोटे भाई राजेंद्र केसरवानी,जो बंगलौर की एक बड़ी कंपनी में इंजीनियर हैं, के सहयोग से यह परिवार गरीबों,जरूरतमंदों और असहाय लोगों की लगातार मदद करता आ रहा है।समाजसेवी परिवार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज के कई जरूरतमंद छात्रों की फीस, किताबें,कॉपियां और अन्य शैक्षणिक सामग्री की व्यवस्था हर वर्ष की जाती है। साथ ही बच्चों के खेलने के लिए पार्क निर्माण और अन्य सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभाई जाती है।फूल चंद्र केसरवानी ने बताया कि वार्ड नंबर 3 स्थित काली माता मंदिर के जीणीद्धार के लिए भी 51 हजार रुपये का सहयोग दिया गया है और भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त आर्थिक सहायता देने का आश्वासन भी दिया गया है।चेक सौंपते समय राजू केसरवानी,रमेश केसरवानी, बड़ेलाल केसरवानी,संतोष मौर्य, अमन द्विवेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने फूल चंद्र केसरवानी और शिव बाबू केसरवानी के इस नेक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाईजर बीएलओ को एसडीएम ने किया सम्मानित




**कौशांबी** एसडीएम मंझनपुर ने 252-मंझनपुर अ.जा विधानसभा अन्तर्गत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण से सम्बन्धित (नो मैपिंग व लॉजिकल एरर) से सम्बन्धित नोटिसों का शत-प्रतिशत वितरण एवं निस्तारण में उत्कृष्ट कार्य करने एवं तहसील मंझनपुर के निर्वाचन सम्बन्धी समस्त कार्यों में महती भूमिका निभाते हुए सर्वाधिक उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर अखिलेश कुमार, सुपरवाईजर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ.प्र.,लखनऊ द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।उप जिलाधिकारी ने अरशद महमूद, स.अ.बी.एल.ओ. भाग सं. 31-प्रा.वि. मंझनपुर प्रथम मध्य भाग द्वारा तहसील में सर्वप्रथम कार्य पूर्ण करने एवं अन्य बी.एल.ओ. के कार्यों में सहयोग प्रदान करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया एवं दोनों शिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर ए.ई.आर.ओ. तहसीलदार सिद्धान्त कुमार,सुनील कुमार यादव आशुलिपिक, कमलेश कुमार पेशकार, मनीष कुमार पाण्डेय र०का०, अनिल कुमार एवं निर्वाचन कार्य में लगे अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## अपशब्दों पर उतरे ट्रंप

**अंग्रेजी** की एक पुरानी कहावत है कि 'मुझे बताओ कि तुम्हारे दोस्त कौन हैं और मैं तुम्हें बताऊंगा कि तुम कौन हो, तात्पर्य यह कि हम जिस संगत में रहते हैं, उससे हमारे चरित्र का भी पता चलता है। हम नहीं जानते कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस विचार से कितना सहमत हैं। क्योंकि वे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू दोनों को अपना करीबी मित्र बताते हैं। उनके साथ व्यवहार भी कूटनीतिक शिष्टाचार से परे जाकर करते हैं। नेतन्याहू तो पहले ही युद्ध अपराधी ठहराए जा चुके हैं। ट्रंप उसी राह पर आगे बढ़ रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप पर कभी कोई मुकदमा अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में दर्ज होगा या नहीं, कहा नहीं जा सकता। लेकिन इस समय उनकी भाषा में जो गिरावट स्पष्ट परिलक्षित है, कम से कम उसका ख्याल रखकर ही नरेन्द्र मोदी को उनसे दूरी बना लेनी चाहिए।

दरअसल ईरान पर अमेरिका और इजरायल को जंग छेड़े छह सप्ताह हो चुके हैं, जिसमें कई बार जीत का दावा करने के बावजूद डोनाल्ड ट्रंप जीत के लक्षण नहीं दिखा पाए। बल्कि बार-बार युद्धविराम की अवधि को बदलते हैं और साथ ही उनकी धमकियां भी बदल रही हैं। ईरान में सत्ता परिवर्तन के ऐलान से शुरू हुआ यह युद्ध अब नागरिकों को निशाने पर लेने की धमकियों पर उतर आया है। रविवार को ईस्टर के मौके पर अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर ट्रंप ने ईरान को धमकी दी कि 48 घंटों में होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग खोलो वर्ना परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहो। ट्रंप ने लिखा कि मंगलवार को ईरान के बिजली संयंत्रों और पुलों पर व्यापक हमले हो सकते हैं, और इसे संघर्ष का निर्णायक क्षण बताया। लेकिन यह सब इसी तरह की शालीन भाषा में नहीं लिखा गया, बल्कि उन्होंने अपशब्दों का इस्तेमाल किया। और यह पहली बार नहीं है कि ट्रंप ने इस तरह सार्वजनिक तौर पर अपशब्द कहे हों। इससे पहले उन्हें पत्रकारों से चर्चा के दौरान या भाषण देते हुए भी अपशब्द बोलते देखा गया है। यह किसी लिहाज से स्वीकार्य नहीं होना चाहिए और वैश्विक नेताओं को खुलकर इसकी भर्त्सना करना चाहिए। नरेन्द्र मोदी से इसकी शुरूआत हो तो कितना अच्छा रहेगा। वैसे संयुक्त राष्ट्र में ईरानी मिशन ने ट्रंप की नवीनतम टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में 'नागरिकों के जीवन के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे को नष्ट करने, की धमकी दे रहे हैं। मिशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, 'यदि संयुक्त राष्ट्र की अंतरात्मा जीवित होती, तो वह युद्ध भड़काने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की खुली और बेशर्म धमकी पर चुप नहीं रहती। ट्रंप इस क्षेत्र को एक अंतहीन युद्ध में घसीटना चाहते हैं।, इसमें कहा गया, 'यह नागरिकों को आतंकित करने के लिए प्रत्यक्ष और सार्वजनिक उकसावा है और युद्ध अपराध करने के इरादे का स्पष्ट प्रमाण है।, इसमें आगे कहा गया- 'अंतरराष्ट्रीय समुदाय और सभी राज्यों का यह कानूनी दायित्व है कि वे युद्ध अपराधों के ऐसे जघन्य कृत्यों को रोकें। उन्हें अभी कार्रवाई करनी चाहिए। कल बहुत देर हो जाएगी।, वहीं ईरानी संसद के अध्यक्ष गलिबाफ ने कहा कि ट्रंप के 'लापरवाह कदमों से अमेरिका के हर परिवार को एक जीती-जागती नरक में धकेला जा रहा है, हमारा पूरा क्षेत्र जल उठेगा क्योंकि आप नेतन्याहू के आदेशों का पालन करने पर अड़े हैं।

# युद्ध के माहौल में विश्व शांति का शंखनाद है विश्व णमोकार दिवस

-ललित गर्ग-

**विश्व** इतिहास के इस संक्रमणकाल में, जब मानवता युद्ध, हिंसा, आतंक, तनाव और असहिष्णुता के बोझ तले कराह रही है, ऐसे समय में 9 अप्रैल 2026 को मनाया जाने वाला विश्व णमोकार मंत्र दिवस एक अद्वितीय आध्यात्मिक ऊर्जा-विस्फोट के रूप में सामने आ रहा है। यह दिवस केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि दिव्य चेतना के जागरण का ऐसा अवसर है, जिसमें सामूहिक मंत्रोच्चारण से उत्पन्न होने वाली चमत्कारी और सिद्ध शक्तियां पूरे विश्व को आलोकित करने वाली हैं। ह्लएक विश्व, एक दिन, एक मंत्रह्व-इस संकल्प के साथ प्रातः जब संपूर्ण पृथ्वी पर एक साथ णमोकार महामंत्र का उच्चारण होगा, तब यह केवल ध्वनि नहीं होगी, बल्कि एक दिव्य ऊर्जा तरंग का निर्माण होगा। आध्यात्मिक विज्ञान के अनुसार, जब लाखों-करोड़ों लोग एक ही समय पर एक ही पवित्र मंत्र का उच्चारण करते हैं, तो उससे उत्पन्न स्पंदन वातावरण को शुद्ध करते हैं, नकारात्मक ऊर्जा का क्षय करते हैं, सकारात्मक चेतना का तीव्र प्रसार करते हैं और शांति एवं अहिंसा का शंखनाद करते हैं। यह सामूहिक ऊर्जा ह्यसंकल्प शक्तिह्ल के रूप में कार्य करती है, जो असंभव को संभव बनाने की क्षमता रखती है।

यह विलक्षण दिवस हजारों मंदिरों एवं अन्य स्थलों में जातीय बंधनों को तोड़कर सभी समुदाय, जाति, वर्ग के लोगों को सम्मिलित होने का अवसर देकर एक प्रेरणादीप बनेगा, जहां मैत्री के फूल खिलेंगे, शांति एवं सद्भावना की ज्योति रश्मियां जगमगायेगी। मानव ने ज्ञान-विज्ञान में आश्चर्यजनक प्रगति की है। परन्तु अपने और औरों के जीवन के प्रति सम्मान में कमी आई है। विचार-क्रान्तियां बहुत हुईं, किन्तु आचार-स्तर पर क्रान्तिकारी परिवर्तन कम हुए। शान्ति, अहिंसा और मानवाधिकारों की बातें संसार में बहुत हो रही हैं, किन्तु सम्यक-आचरण, सम्यक-चरित्र, सम्यक-दृष्टि का अभाव अखरता है। सिद्ध एवं चमत्कारी णमोकार महामंत्र सम्यक-आचरण को उद्घाटित करने वाला किसी धर्म विशेष का नहीं है, यह एक सार्वभौमिक, सार्वकालिक, सार्वदैशिक मंत्र है, जिसका उच्चारण कर व्यक्ति शुद्ध आचरण एवं स्वस्थ जीवनशैली को आकार देते हुए शांति, अहिंसा, अयुद्ध, सह-जीवन का साकार कर सकता है। ह्यणमोकार महामंत्रह्ल के सामूहिक उच्चारण के माध्यम से दुनिया भर के लोगों को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास है।

यह आयोजन विश्व शांति, आत्मशांति, सद्भावना और आध्यात्मिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑगेनाईजेशन-जीतो संस्था के द्वारा कराया जा रहा है.। इस विराट आयोजन में 180 से अधिक देशों के लाखों श्रद्धालु भाग लेंगे। विश्वभर में 100 से अधिक मेगा इवेंट्स और 6000 से अधिक मंदिरों एवं स्थलों पर यह सामूहिक जाप होगा। दिल्ली के मुख्य समारोह में भारत के 14वें राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद एवं गृहमंत्री श्री अमित शाह की उपस्थिति इस आयोजन को वैश्विक पहचान प्रदान करेगी। इस आयोजन से उत्पन्न होने वाली चमत्कारी और सिद्ध शक्तियों का वर्णन केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि अनुभव का विषय भी है। यह मंत्र आत्मा के गहनतम स्तर को स्पर्श करता है, जहां से चेतना की शुद्ध धारा प्रवाहित होती है। ऐसा माना जाता है कि इस सामूहिक जाप के दौरान-मानसिक शांति और स्थिरता का अद्भुत अनुभव होता है, जिससे तनाव, भय और अवसाद स्वतः क्षीण होते हैं। आभामंडल की शुद्धि होती है, जिससे व्यक्ति की ऊर्जा सकारात्मक और प्रभावशाली बनती है। रोगों में राहत और स्वास्थ्य में सुधार के अनेक अनुभव सामने आते हैं, क्योंकि




सकारात्मक कंपन शरीर की कोशिकाओं को संतुलित करते हैं। संकल्प सिद्धि की शक्ति बढ़ती है अर्थात जो शुभ संकल्प किए जाते हैं, वे पूर्ण होने की दिशा में तीव्र गति से अग्रसर होते हैं। कर्म निर्जरा (कर्मों का क्षय) की प्रक्रिया तेज होती है, जिससे आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति संभव होती है।

दुनिया में अनेक मंत्र हैं, किंतु दो मंत्र विशेष रूप से प्रभावशाली माने जाते हैं गायत्री मंत्र और णमोकार महामंत्र। णमोकार मंत्र न केवल जैन धर्म का मूल मंत्र है, बल्कि यह आत्मा की शुद्धि और चेतना के उत्कर्ष का सार्वभौमिक सूत्र है। इसकी शक्ति अनंत और अक्षय मानी जाती है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं, किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। लौकिक मंत्र आदि सिर्फ लौकिक लाभ पहुँचाते हैं, किंतु लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं। इसलिए णमोकार मंत्र सर्वकार्य सिद्धिकारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है, सब पापों का नाश करने वाला है, यह अद्भुत शांति का कारक है। यह संसार में सबसे उत्तम मंगल को घटित करने वाला सिद्ध मंत्र है। णमोकार-स्मरण से अनेक लोगों के रोग, दरिद्रता, भय, तनाव, अशांति, विपत्तियाँ दूर होने की अनुभव सिद्ध घटनाएँ सुनी जाती हैं। मन चाहे काम आसानी से बन जाने के अनुभव भी सुने हैं। णमोकार महामंत्र के जाप एवं साधना से उत्पन्न ऊर्जा एक पाथेय है जीवनशैली को बदलने का, पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति जागरूक होने का, शांति एवं अहिंसक जीवनशैली का, शरीर, मन, आत्मा एवं प्रकृति के प्रति सचेत रहने का। मूल्यों का सम्बन्ध तो ह्यजियो और जीने दोह्ल जैसे सरल श्रेष्ठ उद्घोष से है, जो णमोकार महामंत्र की सार्थक निष्पत्ति है। इस मंत्र के प्रथम पाँच पदों में 35 अक्षर और शेष दो पदों में 33 अक्षर हैं। इस तरह कुल 68 अक्षरों का यह महामंत्र समस्त कार्यों को सिद्ध करने वाला व कल्याणकारी अनादि सिद्ध मंत्र है। इसकी आराधना करने वाला स्वर्ग यानी मोक्ष- संसारबंधनों मुक्ति को प्राप्त कर लेता है। यह मन्त्र एक भावना है, एक इच्छा है, एक कामना है जो बार बार दोहराई जाती है ताकि वैसा हो जाए, इस दृष्टि में उन्नत विश्व संरचना, हिंसा एवं युद्ध मुक्ति के लिये यह कारगर है। सह-अस्तित्व के लिए अहिंसा अनिवार्य है और अहिंसा को फलित करने के लिये णमोकार महामंत्र अचूक उपक्रम है, अनुष्ठान है। दूसरों का अस्तित्व मिटाकर अपना अस्तित्व बचाए रखने की कोशिशें व्यर्थ और अन्ततः घातक होती हैं।

भगवान् महावीर का संदेश कि ह्लसुख सबको प्रिय है, दुःख अप्रियह्न-इस मंत्र की मूल भावना है। जब यह मंत्र करोड़ों कंठों से एक साथ गूंजता है, तो यह केवल शब्द नहीं रहता, बल्कि करुणा, अहिंसा और सह-अस्तित्व की वैश्विक घोषणा बन जाता है। आचार्य उमास्वाति की उक्ति ह्लपरस्परोपग्रहो जीवानाम्ह्व इस सामूहिक साधना के माध्यम से जीवंत हो उठती है। गतवर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी अपने उद्बोधन में इस मंत्र को ह्लआंतरिक क्रांति का माध्यमह्व बताया था। उन्होंने कहा कि यह मंत्र केवल जप नहीं, बल्कि जीवन को बदलने की शक्ति है-एक ऐसा साधन जो व्यक्ति को स्वयं से जोड़ता है और समाज को एक सूत्र में पिरोता है। आज जब विश्व युद्ध, हिंसा और आतंक के संकट से जूझ रहा है, तब यह आयोजन एक ह्लआध्यात्मिक ऊर्जा-संकल्पह्व बन सकता है। यह वह क्षण होगा, जब मानवता अपनी सामूहिक चेतना से शांति का आह्वान करेगी और णमोकार मंत्र की दिव्य तरंगें विश्व को एक नई दिशा देंगी। निश्चित तौर पर यह दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि वास्तविक परिवर्तन बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होता है। यदि हम इस मंत्र की शक्ति को समझकर उसे अपने जीवन में उतारें, तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन, बल्कि सम्पूर्ण विश्व शांति, समरसता, अहिंसा, अयुद्ध और आनंद की दिशा में अग्रसर हो सकता है। यही इस मंत्र की चमत्कारी शक्ति है, यही इसकी सिद्धि है, और यही इसका वैश्विक संदेश है। णमोकार महामंत्र व्यक्ति में ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्ल की विराट भावना का संचार करती है। मनुष्य जाति युद्ध, हिंसा और आतंकवाद के भयंकर दुष्परिणाम भोग चुकी है, भोग रही है ।

# तीसरे विश्वयुद्ध की आहट और गांधी

– प्रेरणा

**इतिहास** विजय-पराजय-विनाश का मृत दस्तावेज नहीं है, न वह किसी की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की कहानी का विवरण है। इतिहास एक ऐसी पाठशाला है, जिसमें हम अपनी गलतियों से सीखने का पाठ पढ़ सकते हैं बशर्ते कि हम अक्ल से अंधे या काला अक्षर भैंस बराबर न हों। पिछले कुछ समय से लग रहा है कि हम 'तीसरे विश्वयुद्ध' की तरफ बढ़ रहे हैं। उसकी आहट तेज हो रही है। दुनिया के सबसे ताकतवर राष्ट्रपति ट्रंप को इस बात का श्रेय है।

कई दिनों बाद एक ऐसे दोस्त का फोन आया जिन्हें पता है कि मैं गांधीजी के विचारों को मानती हूं और उन पर काम भी करती हूं। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा- आज की परिस्थितियों ने आपकी याद दिला दी।

-'क्यों, क्या हुआ?' मैंने पूछा तो वे बोले : पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल नहीं मिल रहा, तो अब पदयात्रा के दिन वापस आते दिख रहे हैं; रोजगार का संकट भी ऐसा है कि लगता है चरखा चलाने के दिन लौट आएंगे।

उन्होंने यह सब भले मजाक में कहा हो, लेकिन यह सच है कि पिछले कुछ समय से मेरे मन में भी ऐसी बातें उठ रही हैं। गांधीजी का जन्म 1869 में हुआ था। 1891 में वे इंग्लैंड पहुंचे वकालत की पढ़ाई करने और 1893 में दक्षिण अफ्रीका पहुंचे नौकरी करने। आप इन वर्षों का ध्यान रखिए, क्योंकि इन्हीं वर्षों में दुनिया में उपनिवेशवाद तेजी से फैल रहा था। इंग्लैंड ही नहीं, फ्रांस, जर्मनी, रूस, पुर्तगाल और अन्य यूरोपीय देश भी अपने उपनिवेशों की तलाश में थे। औद्योगिक क्रांति के लगभग 75 वर्ष बाद सारे आका देशों को पता चल चुका था कि विकास के इस मॉडल को बनाए-टिकाए रखने के लिए असीमित ईंधन और कच्चे माल की आवश्यकता होगी जो किसी जगह इफरातन मिल नहीं सकता। इसलिए जरूरी है कि हम दुनिया के खेतिहर समाजों पर कब्जा करें; और दूसरों से पहले करें। उपनिवेश फैलाने की यह होड़ जो तब शुरू हुई वह आज भी जारी है। 20 वीं सदी की शुरूआत के साथ ही 'प्रथम विश्वयुद्ध' की पृष्ठभूमि तैयार होने लगी थी। मोरक्को पर नियंत्रण को लेकर तनाव, बोस्निया पर कब्जा, बाल्कन के युद्ध और दुनिया भर में हथियारों की होड़- सब तरफ अंधाधुंधी का ऐसा ही आलम था। इन्हीं बढ़ते तनावों के बीच जून 1914 में ऑस्ट्रो-हंगेरियन साम्राज्य के उत्तराधिकारी की हत्या हुई, जिसने अंततः 'प्रथम विश्वयुद्ध' का रास्ता खोल दिया। एक तरफ यह चल रहा था तो दूसरी तरफ बैरिस्टर मोहनदास करमचंद गांधी का महात्मा बनने का सफर भी चल रहा था। फिर तो दो विश्वयुद्ध हुए, दुनिया ने अणुबम का पहला विनाश देखा; और दूसरी तरफ दुनिया ने गांधीजी के सत्य के प्रयोग और भारत की आजादी की अनोखी लड़ाई देखी! गौर करने की बात है कि गांधीजी की अहिंसा वह आध्यात्मिक अवधारणा मात्र नहीं है जो भारत की हजारों वर्ष पुरानी संस्कृति से उपजी है। उनकी अहिंसा युद्ध और संघर्ष के बीच तपी व निखरी है। भगवद्गीता के संदेश को वे अपनी तरह से हमें बताते हैं: 'आंख के बदले आंख का सिद्धांत पूरी दुनिया को अंधा बना देगा।'



इतिहास विजय-पराजय-विनाश का मृत दस्तावेज नहीं है, न वह किसी की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की कहानी का विवरण है। इतिहास एक ऐसी पाठशाला है, जिसमें हम अपनी गलतियों से सीखने का पाठ पढ़ सकते हैं बशर्ते कि हम अक्ल से अंधे या काला अक्षर भैंस बराबर न हों। पिछले कुछ समय से लग रहा है कि हम 'तीसरे विश्वयुद्धइ की तरफ बढ़ रहे हैं। उसकी आहट तेज हो रही है। दुनिया के सबसे ताकतवर राष्ट्रपति ट्रंप को इस बात का श्रेय है कि वे दुनिया को घसीटकर विश्वयुद्ध के मुहाने तक ले आए हैं। महायुद्ध के मुहाने पर जब हम गांधीजी के साथ खड़े होते हैं तब वे हमें क्या कहते मिलते हैं? 'उस हथियारबंद आदमी ने आपकी संपत्ति चुरा ली है; आपने उसके इस कृत्य के बारे में सोचा है; आप गुस्से से भरे हुए हैं; आप तर्क देते हैं कि उस बदमाश को दंडित करना है, अपने लिए नहीं, बल्कि अपने पड़ोसियों की भलाई के लिए; आपने कई हथियारबंद आदमियों को इक्का किया है, आप उसके घर पर हमला करके उसे लूटना चाहते हैं; उसे इसकी सूचना मिल जाती है, वह भाग जाता है; वह भी क्रोधित है। वह अपने साथी लुटेरों को इक्का करता है और आपको चुनौती भरा संदेश भेजता है कि वह दिन-दहाड़े आपके यहां डकैती करेगा।' 'आप मजबूत हैं, आप उससे डरते नहीं हैं, आप उसका सामना करने के लिए तैयार हैं। इस बीच वह लुटेरा आपके पड़ोसियों को परेशान करता है। वे आपसे शिकायत करते हैं। आप जवाब देते हैं कि आप यह सब उनके भले के लिए कर रहे हैं। आपको इस बात की परवाह नहीं है कि आपका अपना सामान चोरी हो गया है। आपके पड़ोसी जवाब देते हैं कि लुटेरे ने उन्हें पहले कभी परेशान नहीं किया था। उसने अपनी लूटपाट तभी शुरू की जब आपने उसके खिलाफ शत्रुता की घोषणा की। आप दुविधा में फंसे हैं। आपको उन बेचारे आदमियों पर दया आती है, लेकिन उनकी बात सच है। अब आप क्या करें?' 'यदि आप लुटेरे को अकेला छोड़ देंगे, तो आपकी बदनामी होगी। इसलिए आप उन गरीबों से कहते हैं: 'कोई बात नहीं, आओ, मेरा धन तुम्हारा है, मैं तुम्हें हथियार दूंगा, मैं तुम्हें उनका इस्तेमाल करना सिखाऊंगा; तुम उस बदमाश को खूब परेशान करो; उसे अकेला मत छोड़ो।' इस तरह लड़ाई बढ़ जाती है; लुटेरों की संख्या बढ़ जाती है। आपके पड़ोसियों ने जान-बूझकर खुद को असुविधा में डाल लिया है। इस प्रकार लुटेरे से बदला लेने की चाहत का परिणाम यह होता है कि आपने अपनी ही शांति भंग कर दी है। आप लगातार लूट और हमले के डर में जी रहे हैं। आपका साहस कायरता में तब्दील हो गया है।' अगर मैं यह न बताऊं कि गांधीजी यह सब 1909 में, अपनी कालजयी किताब 'हिंद-स्वराज्य' में लिख रहे हैं, तो आपको लगेगा कि कोई चैनल पर बोल रहा है। यह तो हू-ब-हू आज की बात है। हमारी नयी पीढ़ी को गांधी को फिर से, फिर-फिर पढ़ना होगा। स्वराज और स्वदेशी की परिभाषा करते वक्त वे कहते हैं कि शोषणमुक्त आर्थिक ढांचा विकेंद्रित ही हो सकता है।

# गाजीपुर में दर्दनाक हादसा: वाराणसी जा रही श्रद्धालुओं की बस पलटी, दो महिलाओं की मौत, 35 घायल

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। गाजीपुर** में बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर नंदगंज थाना क्षेत्र के नैसारा गांव के पास दर्शनार्थियों से भरी एक टूरिस्ट बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो महिला श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 35 अन्य यात्री घायल हो गए।



जानकारी के मुताबिक, बस (संख्या वढ 65 दळ 7176) में करीब 48 यात्री सवार थे, जो वाराणसी दर्शन के लिए जा रहे थे। सुबह करीब 11:30 बजे बस अचानक नियंत्रण खो बैठी और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में महाराष्ट्र निवासी अन्नपूर्णा (40) और सरस्वती (50) की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में 32 लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जबकि तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी अविनाश कुमार और पुलिस अधीक्षक ईराज रजा अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

# अखिलेश शुक्ल की शहादत: कुपवाड़ा में सर्च ऑपरेशन के दौरान गोली लगने से हुए थे घायल

**सुल्तानपुर** के कुड़वार ब्लॉक के मंझना ग्राम सभा पूरे वैशी निवासी नायक अखिलेश शुक्ल (28) कश्मीर के कुपवाड़ा में सीमा सुरक्षा के दौरान सर्च ऑपरेशन में गोली लगने से घायल हो गए थे। उन्हें इलाज के लिए दिल्ली स्थित सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार सुबह (08/04/2026) को उन्होंने दम तोड़ दिया।अखिलेश के पिता सेवानिवृत्त सैनिक राधेकृष्ण ने बताया कि उनका बेटा करीब तीन साल पहले सेना में भर्ती हुआ था।



ट्रेनिंग पूरी करने के बाद उनकी पोस्टिंग कुपवाड़ा में हुई थी, जहां वह नायक पद पर तैनात थे। 28 मार्च को कुपवाड़ा में सर्च ऑपरेशन के दौरान वह घायल हो गए थे अखिलेश की बड़ी बहन प्रियंका दिल्ली पुलिस में और छोटी बहन शिवानी सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रही है। माता सीमा गृहिणी हैं और पिता राधेकृष्ण फौज से सेवानिवृत्त होकर गांव में खेती-बाड़ी करते हैं।

उप जिलाधिकारी (एसडीएम) सदर विपिन द्विवेदी ने बताया कि भारतीय सेना की ओर से अखिलेश शुक्ल का बलिदान संबंधी पत्र मिला है। पैतृक गांव में शव पहुंचने पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# एजुकेटर भर्ती में बड़ा घोटाला, प्रशासन पर मिलीभगत के आरोप, छात्रों के साथ हुआ अन्याय

**सुल्तानपुर जिले में** एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। आरोप है कि भर्ती के नाम पर बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया, जिसमें प्रशासनिक स्तर पर भी मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भर्ती के दौरान अभ्यर्थियों से 80 हजार से लेकर 1 लाख रुपये तक की अवैध वसूली की गई कई अभ्यर्थियों का आरोप है कि बिना पैसे दिए चयन सूची में नाम आना लगभग असंभव बना दिया गया था बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आउटसोर्स के माध्यम से एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया चलाई जा रही थी इसी दौरान सूत्रों से पता लगा कि कुछ लोगों द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर अभ्यर्थियों से मोटी रकम मांगी गई इस पूरे मामले में सबसे




बड़ा सवाल प्रशासन की भूमिका को लेकर उठ रहा है छात्रों और अभ्यर्थियों का कहना है कि बिना अधिकारियों की जानकारी के इतनी बड़ी स्तर पर फजीवाड़ा संभव नहीं है घोटाले के विरोध में अभ्यर्थियों की मांग है कि इस भर्ती की निष्पक्ष जांच की जाय और उनके भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को? रोका जाय वहीं अभ्यर्थियों की मांग है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया हो मेरिट के आधार पर चयन हो सुल्तानपुर एजुकेटर भर्ती घोटाला न सिर्फ भ्रष्टाचार का उदाहरण है, बल्कि यह युवाओं के सपनों के साथ किया गया बड़ा अन्याय भी है। अब सभी की नजरें जांच और न्याय पर टिकी हैं वहीं इस भर्ती को रद्द करने की उठी जोरदार मांग जनपद सुल्तानपुर में एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है अभ्यर्थियों ने भर्ती में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए पूरी प्रक्रिया को रद्द करने की मांग तेज कर दी है छात्रों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही और कई जगहों पर पैसों के लेन-देन के आरोप सामने आए हैं उनका दावा है कि योग्य उम्मीदवारों को नजरअंदाज कर अनुचित तरीके से चयन किया गया।

# कल्याणपुर गोलीकांड में जेल गए राणा अजीत व उनके पुत्र की जमानत पर सुनवाई कल

**सुलतानपुर। कल्यानपुर** गोलीकांड में आरोपी हलचल तिवारी व अरुण सिंह की अग्रिम जमानत अर्जी पर बुधवार को जिला जज सुनील कुमार की अदालत मे बहस के लिए तिथि नियत रही। फिलहाल मामले में बहस की कार्यवाही बाधित रही। अदालत ने दोनों आरोपियो के साथ सह आरोपी हेमचंद्र गौतम व नितिन तिवारी की जमानत पर सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तारीख तय किया है। वहीं अदालत ने जेल में निरूद्ध बीज निगम के पूर्व चेयरमैन राणा अजीत प्रताप सिंह व उनके पुत्र अभिजीत प्रताप की जमानत अर्जी पर सुनवाई के 10 अप्रैल एवं सह आरोपी प्रवेश सिंह,दुर्गेश दूबे,विनय सिंह की अर्जी पर 13 अप्रैल व नमित सिंह की अर्जी पर सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तिथि नियत किया है। अखंडनगर थाने के कल्यानपुर निवासी जिलाजीत यादव ने 15 मार्च की सुबह नौ बजे की घटना बताते हुए स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। उनके आरोप के मुताबिक जमीनी विवाद को लेकर स्थानीय थाने के रतनपुर मैरवा निवासी पूर्व राज्य मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह,उनके पुत्र अभिजीत सिंह सहित अन्य नामजद एवं उनके अज्ञात साथियों ने पिस्टल व रिवाल्वर एवं हाथों में लाठी-डंडा लेकर जान से मार डालने की नीयत से हमला एवं फायरिंग भी किया था। घटना में वादी पक्ष के करीब दर्जन लोग घायल हो गए थे। मामले में पुलिस नामजद आरोपी पूर्व मंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह व उनके पुत्र अभिजीत प्रताप सिंह एवं उनके भाई अजय प्रताप सिंह सहित करीब डेढ़ दर्जन आरोपियो को अब तक जेल भेजने की कार्रवाई की जा चुकी है,जबकि शेष अन्य की तलाश जारी है और उनपर इनाम भी घोषित किया गया है। मामले में आरोपी रिटायर्ड डीडीओ अजय प्रताप सिंह व अभिषेक प्रताप सिंह की जमानत स्वीकार हो चुकी है,जबकि शेष आरोपियो की जमानत अर्जी पर सुनवाई लम्बित चल रही है।

# कमिश्नर ने ली कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की बैठक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा जनपद नोडल अधिकारी अजीत कुमार की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में कानून व्यवस्था एवं विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

मण्डलायुक्त बांदा ने अतिरिक्त ऊर्जा, उद्यान, कृषि, ग्रामीण विकास, सड़कों का निर्माण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, पेंशन योजनाएं, जल जीवन मिशन, पंचायती राज, पर्यटन विकास कार्य, प्राथमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, पशुधन विभाग, महिला बाल विकास, श्रम योजनाओं आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस के जो मामले विभागों में आते हैं, उनका निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता परक कराया जाए, इसमें लापरवाही नहीं होना चाहिए। नगर पालिका से कहा कि रामघाट परिक्रमा क्षेत्र व शहर की साफ सफाई अच्छी तरह से रहे। खान पान की जो दुकानें हैं उनकी भी जांच कराया जाए। गर्मी को देखते हुए तीर्थ क्षेत्र के जो हैंडपंप खराब है उन्हें ठीक करा लें। गर्मी को लेकर जन जागरूकता के अभियान चलाया जाए की गर्मी व लू से कैसे सावधानी रखी जाए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि उप जिलाधिकारी कर्वी के माध्यम से परिक्रमा पथ के आसपास पार्किंग निर्माण के लिए शासकीय भूमि चिन्हित की जाए।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल योजनाओं के स्ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण ग्राम प्रधानों को कराया गया है, कि कैसे शुद्ध करके पानी गांव



में भेजा जा रहा है। जिससे इसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हो सके। ग्राम पंचायत में जो जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो गलियां व सड़के तोड़ी गई हैं, उसका निर्माण कराया जा रहा है। आयुक्त ने अधीक्षण अभियंता विद्युत से कहा कि हाई टेंशन लाइन घरों के ऊपर से नहीं जाना चाहिए। स्मार्ट मीटर की जो समस्याएं लगातार आ रही हैं, जो उनके बिल अधिक आ रहे हैं उसको ठीक कराया जाए। ट्रांसफार्मर जो खराब है उसको तत्काल बदलें, सड़कों के किनारे जो ट्रांसफार्मर लगे हैं उनको कवर्ड कराया जाए। यह मानीटरिंग करें कि किसी भी व्यक्ति व पशु की हानि ना हो, पशुपालन विभाग से कहा कि नंदिनी एवं मिनी नंदिनी योजना का लाभ अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर लोगों को लाभ दिलाया जाए। भूसा के लिए टेंडर कराया जाए गौशालाओं में जो गोवंश संरक्षित हैं गर्मी को देखते हुए बचाव के लिए तथा हरे चारे की भी व्यवस्था की जाए, डिप्टी आरएमओ को निर्देश दिए कि गेहूं क्रय केंद्रों पर पेयजल, तौल मशीन, छन्ना, बोरा आदि सभी व्यवस्थाएं रहें तथा समय से किसानों का भुगतान कराया जाए, जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि जनपद में शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं जरूर देखी जाएं विद्यालयों के सामने गांव के लोगों द्वारा कूड़ा करकट डाला जाता है, उसको हटवाया जाए। मिड डे मील मीनू के अनुसार दिया जाए, विद्यालयों के किचन शेड में साफ सफाई अच्छी रहे, ऑपरेशन कायाकल्प के 19 पैरामीटर पर सभी विद्यालयों पर कार्य करा लिया जाए, स्कूल चलो अभियान पर अधिक से अधिक फोकस करके बच्चों का नामांकन कराया जाए, उपनिदेशक पर्यटन को निर्देश दिए की तुलसी स्मारक सभा राजापुर में जो कार्य पर्यटन विकास के हो रहे हैं उसकी गुणवत्ता अच्छी रहना चाहिए। शासन की मंशा के अनुरूप कार्य हो परिक्रमा मार्ग रामघाट में जो भी पर्यटन विकास के कार्य हो रहे हैं सभी शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा के अंदर पूर्ण कराया जाए, जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी की सभी सुविधाएं कराकर लोगों को लाभ दिलाया जाए, उन्होंने जिलाधिकारी से कहा कि श्रम प्रवर्तन विभाग में जो अनियमिताओं शिकायते हैं उसकी जांच कराकर जांच आख्या उपलब्ध कराई जाए, जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए कि आश्रम पद्धति विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों के लिए जो आवास के लिए भूमि के संबंध में अपर जिलाधिकारी से वार्ता करके निस्तारण कराया जाए, उपनिदेशक कृषि से कहा कि फॉर्मर रजिस्ट्री का जो लक्ष्य है उसको शत प्रतिशत पूरा कराया जाए, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि जनगणना कार्य को लेकर अच्छी तरह से प्रशिक्षण दिलाया जाए और समीक्षा भी लगातार किया जाए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास से कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषाहार का वितरण कराया जाए, केंद्रों पर शिक्षण कार्य के लिए शेड्यूल भी लागू कराया जाए, उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एक्टिव रहकर कार्य करें, विभागों पर जो समस्याएं प्राप्त होती हैं उसका निस्तारण सही तरीके से कराया जाए पारदर्शी तरीके से कार्य करें किसी के दबाव में आकर कार्य न करें, उप जिलाधिकारी तथा तहसीलदार पुलिस के साथ अवैध कब्जों पर त्वरित कार्यवाही करें, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व से कहा कि सभी उप जिलाधिकारियों तथा तहसीलदारों को निर्देश दें कि जो राजस्व के मामले हैं उनका निस्तारण गुणवत्ता परक किया जाए नामांतरण पैमाइश के केस समय से करें लंबित नहीं रहना चाहिए हाई कोर्ट के केसों के संबंध में अपने अधिवक्ता को सही से जानकारी दें ताकि सही व समय से निर्णय मिल सके।

बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा अरविन्द कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व चंद्रशेखर, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अरुण कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार, उप जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ यादव, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेन्द्र कुमार, जिला विकास अधिकारी सत्य राम यादव, डीसी मनरेगा डी.एन. पांडेय, जिला पंचायत राज अधिकारी देवेन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ. वैभव त्रिपाठी, जिला कार्यक्रम अधिकारी पी.डी. विश्वकर्मा, सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय को एसडीएम ने किया सीज

**चित्रकूट।** गैर मान्यता प्राप्त संचालित विद्यालयों को बंद करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी विकासखंड रामनगर द्वारा बीते 1 अप्रैल से मुहिम चलाई गई है। संज्ञान में आया कि ग्राम पंचायत इटवा के मजरे रौखरी में राजाराम पाल पुत्र राम आसरे द्वारा जनहित पब्लिक स्कूल के नाम से एक अमान्य विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी रामनगर द्वारा उप जिलाधिकारी तहसील मऊ राम ऋषि रमन को इस संबंध में अवगत कराते हुए इस विद्यालय को बंद कराने के लिए प्रशासनिक सहयोग मांगा। उप जिलाधिकारी तत्काल खंड शिक्षा अधिकारी के साथ मौके पर पहुंचे। विद्यालय में नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के कुल 51 बच्चे मौके पर उपस्थित पाए गए, जिन्हें 2 कक्षों में बैठाकर पढ़ाया जा रहा था। उप जिलाधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल बच्चों को विद्यालय भवन से बाहर कर विद्यालय के दोनों कक्षों को ताला लगाकर सील कर दिया गया तथा उपस्थित समस्त बच्चों को लेकर परिषदीय प्राथमिक विद्यालय रौखरी पहुंचे जहां सभी बच्चों का विवरण वहां के प्रधानाध्यापक को नोट कराया गया तथा उन्हें निर्देशित किया गया कि इन समस्त बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें प्रोत्साहित करते हुए



इन बच्चों का नामांकन 2 दिवस के भीतर आवश्यक अभिलेख प्राप्त कर अपने विद्यालय में करना सुनिश्चित करें। विद्यालय संचालक राजाराम को अनिवार्य एवं निशुल्क शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18 के अंतर्गत अमान्य विद्यालय संचालन करने के आरोप में कठोर नोटिस देते हुए चेतावनी दी गई कि यदि वह आज से विद्यालय का संचालन बंद नहीं करेंगे तथा सील किए गए कक्षों को खोलने का प्रयास करेंगे तो आरटीई अधिनियम 2009 के अंतर्गत उनसे निर्धारित जुमार्ने की धनराशि वसूल की जाएगी तथा उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करा कर उन्हें हवाले पुलिस कर दिया जाएगा।

खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि विकासखंड रामनगर के अंतर्गत यही एक विद्यालय अमान्य रूप से संचालित होने की सूचना प्राप्त हुई है लेकिन उन्होंने सभी विद्यालय संचालकों को सख्त निर्देश दिया कि यदि मान्यता प्राप्त स्तर से इतर कक्षाएं संचालित करने का प्रयास किया जाएगा तो भी ऐसे विद्यालयों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन द्वारा चेतावनी के साथ समस्त विद्यालय संचालकों को निर्देशित किया गया, कि विभाग द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप विद्यालय का संचालन करें। नियम व शर्तें पूर्ण न करने तथा अमान्य विद्यालय संचालित करने पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



## डॉ. अंबेडकर जयंती के प्रचार प्रसार के लिए निकाली जाएगी मोटरसाइकिल धम्म यात्रा

**चित्रकूट ।** अंबेडकर जयंती समिति अंतर्गत भारतीय बौद्ध महासभा शाखा चित्रकूट के तत्वाधान में पूज्य बोधिसत्व संविधान निमार्ता बाबा साहेब अंबेडकर जयंती पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से मनाया जाने का निर्णय लिया गया है। आगामी 11 अप्रैल को ज्योतिबा फुले साहेब की जयंती पर डॉ. अंबेडकर जयंती के प्रचार प्रसार के लिए नगर के विभिन्न जगहों पर मोटरसाइकिल धम्म यात्रा निकाली जाएगी, जो 50 मोटरसाइकिल एवं डीजे के साथ निकाली जाएगी। यह यात्रा पुरानी कोतवाली कर्वी से शाम 3 बजे प्रारंभ होकर भैरव पागा, शंकर बाजार, नई दुनिया, कसहाई रोड, कुंजन पुरवा, धनुष चैराहा से सोनपुर, पटेल तिराहा, इलाहाबाद रोड़ बेरियल से वापस होते हुए एसडीएम कॉलोनी पार्क में यात्रा का समापन होगा। ज्योतिबा फुले साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आदरांजलि अर्पित किया जाएगा साथ ही आगामी 14 अप्रैल को बाबा साहेब अंबेडकर जयंती की शोभायात्रा प्रभात फेरी प्रातः 8 बजे से पटेल तिराहा से राष्ट्रीय राजमार्ग नगर पालिका, टाउन हॉल, धुस मैदान पार्क में सभा होगी जिसमें डॉक्टर अंबेडकर सामान्य ज्ञान के प्रतिभागी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा तथा भोजन दान की व्यवस्था की जाएगी, तथा समाज में उत्कृष्ट करने वाले जैसे दहेज प्रथा उन्मूलन, बाल विवाह निषेध, अंधविश्वास, आडम्बर व कुरीतियों को दूर करने तथा शिक्षा स्वास्थ्य पर सराहनीय कार्य करने वाले धम्म बन्धुओं को भी सम्मानित किया जाएगा। क्योंकि बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर की अंतिम इच्छा थी, कि जो समाज में कुरीतियां है उन्हें दूर किया जाए तथा अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए तभी उनका मिशन सच्चे ढंग से पूरा होगा।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए नोडल अधिकारियों की हुई बैठक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को प्रभावी रूप से सफल बनाने के लिए अनुराग कुरील प्रभारी जनपद न्यायाधीश प्रथम अपर जिला जज की अध्यक्षता में एवं राममणि पाठक विशेष न्यायाधीश एस.सी.एस.टी. नोडल अधिकारी लोक अदालत तथा वर्णिका शुक्ला अपर सिविल जज (सी.डि.) सहायक नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की उपस्थिति में जनपद के प्रशासनिक विभागों में नियुक्त कार्यरत नोडल अधिकारियों व राजस्व अधिकारियों की प्रथम चरण की बैठक सम्पन्न हुई।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चैधरी द्वारा बताया गया कि प्रभारी जनपद न्यायाधीश द्वारा 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए बल दिया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, मोटर एक्सीडेंट क्लेम वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सर्विस





मैटर्स, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, मनी वसूलीवाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान च लघु आपराधिक वादों, श्रमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नही आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले) उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से यह अपेक्षा की गयी कि वे अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सके, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें।

बैठक में पारूल सिंह परिहार नायब तहसीलदार मऊ, सुरेन्द्र कुमार जिला सूचना अधिकारी, अनुराग शर्मा अग्रणी जिला प्रबन्धक, भारत प्रताप सिंह तहसीलदार राजापुर, फूलचन्द्र यादव उपजिलाधिकारी राजापुर, डॉ. एम.के. जटार्या उप मुख्यचिकित्साधिकारी, शिवकुमार यादव, बी.एल. गुप्ता डी.पी.ओ. आई.सी.डी.एस., राजकमल क्षेत्राधिकारी राजापुर मौजूद रहे।

# ग्राम चौपाल में जनसमस्याओं का मौके पर निस्तारण के निर्देश दिए

**चित्रकूट।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा जनपद नोडल अधिकारी अजीत कुमार की अध्यक्षता में व जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की उपस्थिति में विकासखंड चित्रकूट धाम कर्वी की ग्राम पंचायत अकबरपुर (ब) में ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया।





चौपाल के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्होंने अपनी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। इनमें मुख्य रूप से राशन वितरण, आवास योजना, पेंशन, सड़क मरम्मत, बिजली आपूर्ति और पेयजल से जुड़ी शिकायतें शामिल रहीं। आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि ग्रामीणों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि समाधान उनके गांव में ही उपलब्ध हो, चौपाल के दौरान ग्राम प्रधान ने जनहित में बारात घर निर्माण, राजकीय हाई स्कूल की स्थापना, मुख्य सड़क के चैड़ीकरण, महिलाओं के लिए सिंलाई केंद्र की स्थापना तथा पात्र ग्रामीणों को पेंशन एवं आवास योजनाओं से लाभान्वित कराए जाने की समस्या रखी। जिसमें आयुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कार्यों का प्रस्तावों का परीक्षण कर जिलाधिकारी के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित कराई जाए, जिससे आम जनमानस को लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने ग्राम चौपाल में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो शिकायतें मौके पर निस्तारित की जा सकती हैं, उन्हें तत्काल आज ही किया जाए और शेष समस्याओं के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

चौपाल में उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने भी अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने का आश्वासन दिया। इस दौरान कुछ समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी किया गया, जिससे ग्रामीणों में संतोष देखा गया। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं को समझा और भरोसा दिलाया कि शासन-प्रशासन उनके साथ खड़ा है।

ग्राम चौपाल के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू सहित संबंधित अधिकारी, ग्राम प्रधान व सचिव तथा ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने हॉकी खिलाड़ी को किया सम्मानित

**चित्रकूट।** भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र, बरेली द्वारा बीते 21 व 22 फरवरी को प्रशिक्षुओं के हॉकी चयन के लिए ट्रायल आयोजित हुए थे। जिसमें जनपद से विपिन पुत्र उमा देवी निवासी शंकर बाजार का चयन भारतीय खेल प्राधिकरण प्रशिक्षण केन्द्र बरेली में चयन हुआ है। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा गुरुवार को प्रशिक्षु विपिन कुमार को जिला क्रीडाधिकारी अरविन्द कुमार सोनकर तथा कोच सुरेश कुमार की उपस्थिति में माला पहनाकर हॉकी स्टिक, किट भेंट करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

# 1200 लोगों को मिलेगा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत मिलेगा ऋण

**चित्रकूट ।** उपायुक्त उद्योग एस.के. केशरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रारम्भ की है। जिसके अन्तर्गत युवाओं को स्वरोजगार के लिए पांच लाख का ऋण बिना किसी ब्याज के बैंको के माध्यम से उक्त योजना के अन्तर्गत जनपद को वर्ष 2026-27 के लिए 1200 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। योजना की समीक्षा समय-समय पर मिशन निदेशक एवं जिलाधिकारी द्वारा की जाती है। जिलाधिकारी द्वारा बैंकों को स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं, कि योजना की प्राथमिकता के दृष्टिगत लंबित आवेदनों पर कार्यवाही शीघ्रातिशीघ्र करना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के युवाओं (आयु 21 से 40 वर्ष) को जो कम से कम 8वीं पास हो एवं उद्योग लगाने के लिए इच्छुक हों, तो वह एम.एस.एम.ई. पोर्टल पर जाकर सीएम युवा योजना का आवेदन कर सकते है एवं पांच लाख का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया निःशुल्क है। उपायुक्त उद्योग द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि युवाओं को प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनवाने के लिए कहीं भी भटकना नहीं है, प्रोजेक्ट रिपोर्ट के लिए ऑनलाइन प्रावधान है। यदि आप अपनी एवं उद्यमी की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर भरते हैं, तो प्रोजेक्ट रिपोर्ट ऑनलाइन निःशुल्क बनायी जा सकती है। जनपद के युवाओं से आव्हान है कि वह विभिन्न उद्योग जैसे-मिनी राइस, दोना पत्तल, सिलाई उद्योग, टेन्ट हाउस, आयल उद्योग, बेकरी प्रोडेक्ट, अगरबत्ती मेकिंग यूनिट, दुग्ध उत्पाद इत्यादि के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर निःशुल्क आवेदन करके योजना का लाभ उठा सकते है।

योजनान्तर्गत वित्त पोषण योजना की प्रमुख बातों में उद्योग एवं सेवा क्षेत्र की अधिकतम पांच लाख तक की परियोजनाओं के ऋण पर परियोजना लागत का शत-प्रतिशित ब्याज उपादान वित्त पोषण की तिथि से अगले 4 वर्षों के लिए दिया जाएगा। कुल परियोजना लागत का न्यूनतम 10 प्रतिशत टर्मलोन के रूप में होना अनिवार्य होगा। परियोजना में भूमि-भवन का क्रय सम्मिलित नही होगा। सभी वर्ग के लाभार्थियों के लिए परियोजना लागत का 10 प्रतिशत स्वयं के अंशदान के रूप में जमा करना होगा। लाभार्थी को परियोजना लागत अथवा अधिकतम पांच लाख जो कम हो का 10 प्रतिशत मार्जिन मनी सब्सिडी के रूप में दिया जाएगा। यह अनुदान बैंक इण्डेड होगा। योजनान्तर्गत जनपद की समस्त राष्ट्रीयकृत बैंक व ग्रामीण बैंक तथा वित्तीय संस्थाएं ऋण वितरण के लिए पात्र होंगी। बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति के बाद 5 दिवसीय अनिवार्य उद्यमिता विकास केन्द्र प्रशिक्षण की व्यवस्था भी पोर्टल पर लागू कर दी गयी है, जिसमें योजना, प्रक्रिया, वित्तीय प्रबन्धन, विपणन आदि पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त करते हुए अन्ति दिवस शंकाओं के समाधान के लिए लाइव इंटरेक्टिव सत्र भी आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए आवेदकों को पोर्टल के माध्यम से ही उनके जनपद के अनुसार प्रशिक्षणदायी संस्था स्वतः आवंटित हो जाएगी।

# सामूहिक विवाह योजना के लिए 15 अप्रैल तक श्रमिक करें आवेदन

**चित्रकूट ब्यूरो ।** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत आगामी 21 अप्रैल को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 85 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। सहायक श्रमायुक्त आर.के. गुप्ता ने बताया कि सामूहिक विवाह में शामिल होने के इच्छुक पंजीकृत निर्माण श्रमिक आगामी 15 अप्रैल तक जनसेवा केंद्र या बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए श्रमिक का पंजीयन कम से कम एक वर्ष पुराना होना चाहिए तथा आवेदन के समय उसका नवीनीकरण होना आवश्यक है। विवाह की तिथि तक पंजीकरण सक्रिय रहना अनिवार्य है। आवेदन के दौरान वर-वधू की आयु प्रमाणित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र, टीसी या परिवार रजिस्टर की प्रति संलग्न करनी होगी। इसके अलावा कार्य प्रमाण पत्र, दोनों पक्षों के परिवार रजिस्टर या राशन कार्ड की प्रति तथा किसी अन्य योजना का लाभ न लेने का स्वघोषणा पत्र भी देना होगा। उन्होंने जनपद के पात्र निर्माण श्रमिकों से अपील की है कि वे अपनी पुत्रियों के विवाह के लिए समय से आवेदन कर योजना का लाभ उठाएं, ताकि अधिक से अधिक श्रमिक परिवारों को इस योजना से लाभान्वित किया जा सके।

## मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार को अपरान्ह 12 बजे से द्वारा राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के निर्मित भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय लो.नि.वि. अधिशासी अभियंता, विद्युत अधिशासी अभियंता, सिंचाई अधिशासी अभियंता एवं जिला होम्योपैथिक अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यदायी संस्था परियोजना प्रबंधक यूनिट 48 (उ.प्र. जल निगम) बांदा को निर्देशित गया, कि अवशेष कार्य एक सप्ताह में पूर्ण कराते हुए आख्या प्रस्तुत करें।

# कर्वी के स्टेशन रोड में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशन में कर्वी नगर को अतिक्रमण मुक्त किए जाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अरुण कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस विभाग, तहसील प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

पिछले तीन दिनों से अतिक्रमणकारियों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए अनाउंसमेंट के माध्यम से चेतावनी दी जा रही थी। इसी क्रम में बीते बुधवार को शम्भू बाबू पेट्रोल पंप से स्टेशन रोड़ होते हुए धतुराहा चैराहा रेलवे क्रॉसिंग तक व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 15 अतिक्रमणकताओं एवं गंदगी फैलाने





वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 14,500 का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही रोड़ पटरी पर रखे अतिक्रमित सामानों को जब्त किया गया। निरीक्षण के दौरान धतुराहा चैराहे के स्थानीय निवासियों द्वारा सब्जी विक्रेताओं के अतिक्रमण की शिकायत की गई, जिस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी सब्जी विक्रेताओं को पुल के नीचे व्यवस्थित रूप से स्थानांतरित किया जाए। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरे नगर क्षेत्र में निरंतर जारी रहेगा। आमजन से अपील की गई है कि सड़क, नाला एवं सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न करें, अन्यथा जुमार्ना एवं सामान जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

इस अभियान में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी लालजी, नायब तहसीलदार मंगल यादव, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, राजस्व निरीक्षक राहुल पांडेय तथा कर्वी कोतवाल सहित भारी पुलिस बल एवं नगर पालिका की टीम मौजूद रही।

## जिलाधिकारी ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी के अध्यक्षता में गुरुवार को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना पर विशेष समीक्षा की गई। योजना के 68 ग्रामों के सापेक्ष 61 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति हो रही है, जिसमें फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए गए कि तत्काल पर्याप्त लगाकर योजनान्तर्गत अवशेष कार्यों को आगामी 30 अप्रैल तक पूर्ण कराएं साथ ही चांदी बांगर ग्राम समूह पेयजल योजना के अंतर्गत 286 ग्रामों के सापेक्ष 177 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति हो रही है, जिसकी समस्त कार्यों को पूर्ण करने के लिए आगामी 30 जून तक निर्देश दिए गए। सिलौटा मुस्तकिल ग्राम समूह पेयजल योजना के 59 ग्रामों के सापेक्ष 58 ग्रामों में जलापूर्ति हो रही है। शेष बचे हुए एक ग्राम को एक सप्ताह में पूर्ण कराकर प्रत्येक ग्राम को हर घर जल प्रमाणीकरण करने के निर्देश दिए गए। फर्म एलएनटी जीपीआर को आईजीआरएस निस्तारण के लिए डेडीकेटेड मैनपॉवर लगाने एवं फर्म के स्तर से भी नोडल नामित करने के निर्देश दिए गए। जिससे शिकायतों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा सके। फर्म एलएनटी जीबीपीआर को प्रस्तुत किए गए माइक्रो प्लान के आधार पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए साथ ही डिमांड ओनली विलेज में निर्मित ओ.एच.टी. सी.डब्लू.आर. को ससमय भरने के निर्देश दिए गए। जिससे रिट्रोफिटिंग अंतर्गत गांव में नियमित जलापूर्ति की जा सके।

# हर ईरानी जान देने को तैयार



**पश्चिम एशिया**

**पश्चिम** एशिया में युद्ध का उबाल अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है और हालात इतने विस्फोटक हो चुके हैं कि किसी भी क्षण यह टकराव पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले सकता है। अमेरिका और इजराइल की संयुक्त सैन्य कार्रवाइयों ने ईरान के भीतर गहराई तक वार करते हुए खार्ग द्वीप, अहम पुलों और सामरिक ठिकानों को निशाना बनाया है। यह हमला सीधा संदेश है कि अब संघर्ष पीछे हटने वाला नहीं बल्कि और भयानक होने जा रहा है।

इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने जिस तरह खुलकर कहा है कि एक करोड़ चालीस लाख से अधिक लोग देश के लिए अपनी जान देने को तैयार हैं, उसने इस संघर्ष को जनयुद्ध का रूप दे दिया है। खुद राष्ट्रपति ने भी अपनी जान देने की बात कहकर यह साफ कर दिया है कि ईरान किसी भी कीमत पर झुकने को तैयार नहीं है।

उधर, इजराइली सेना ने ईरान के नागरिकों के लिए आपात चेतावनी जारी करते हुए रेल सेवाओं से दूर रहने को कहा है। यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब ईरान के कई हिस्सों में रेल सेवाएं ठप हो चुकी हैं और मशहद जैसे शहरों में पूरी तरह रोक लगा दी गई है। साफ है कि अब बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया जा रहा है ताकि देश की आंतरिक व्यवस्था को पंगु किया जा सके।

इसके अलावा, ईरान को सबसे बड़ा झटका तब लगा जब इजराइल ने उसके एक पेट्रो रसायन संयंत्र पर हमला किया। आरोप है कि यहां नाइट्रिक अम्ल का उत्पादन हो रहा था जो विस्फोटक और बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए बेहद अहम माना जाता है।

स्थिति और भयावह तब हो गई जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीधी धमकी देते हुए कहा कि ईरान को एक रात में खत्म किया जा सकता है। उन्होंने पुलों और बिजली संयंत्रों को नष्ट करने की योजना दोहराते हुए यह संकेत दिया कि आने वाले दिन विनाशकारी हो सकते हैं।

हम आपको बता दें कि इस संघर्ष को रोकने की कोशिशें भी नाकाम हो चुकी हैं। पैंतालीस दिन के युद्ध विराम प्रस्ताव को ईरान ने ठुकरा दिया है और साफ कहा है कि वह केवल स्थायी समाधान चाहता है। इस फैसले ने युद्ध को और तेज कर दिया है और अब कोई भी पक्ष पीछे हटने को तैयार नहीं दिख रहा।

जमीनी हालात भी बेहद खतरनाक हैं। अमेरिका और इजराइल के हमलों में दर्जनों लोगों की जान जा चुकी है जबकि ईरान लगातार मिसाइल और ड्रोन हमलों से जवाब दे रहा है। नहरिया जैसे इलाकों में ईरानी हमलों के वीडियो सामने आ रहे हैं जो इस बात का सबूत हैं कि जवाबी कार्रवाई भी उतनी ही तीखी है।

ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड ने तो सीधे तौर पर चेतावनी दे दी है कि अब संयम खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा है कि यदि अमेरिका ने लाल रेखा पार की तो जवाब केवल क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित करेगा। साथ ही तेल और गैस आपूर्ति को सालों तक बाधित करने की धमकी भी दी गई है, जो वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा झटका साबित हो सकती है।

इस बीच, कूम शहर के पास एक अहम पुल पर हमला किया गया है जिससे परिवहन व्यवस्था पर सीधा असर पड़ा है। वहीं किष द्वीप के पास एक कंटेनर जहाज पर भी हमला हुआ है, जो यह दिखाता है कि अब समुद्री मार्ग भी सुरक्षित नहीं रहे।

साथ ही तनाव केवल ईरान और इस्राइल तक सीमित नहीं है। तुर्किये के इस्तांबुल में इजराइल दूतावास के बाहर गोलीबारी की घटना ने यह संकेत दे दिया है कि यह संघर्ष अब कई देशों में फैल सकता है। इस घटना में हमलावर मारे गए और पुलिसकर्मी घायल हुए, जिससे सुरक्षा चिंताएं और बढ़ गई हैं।

लेबनान में भी इजराइल सेना ने अपनी तैनाती मजबूत कर दी है और हिजबुल्लाह के साथ संघर्ष जारी है। हालांकि सेना ने अभी बीस किलोमीटर से अधिक आगे बढ़ने का संकेत नहीं दिया है, लेकिन स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है।

उधर, ईरान ने कूटनीतिक मोर्चे पर भी दबाव बनाना शुरू कर दिया है। कुवैत में उसके राजदूत ने खाड़ी देशों से अपील की है कि वह इस त्रासदी को रोकने के लिए आगे आएं। साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाने की मांग भी सामने आई है, जो वैश्विक व्यापार के लिए बड़ा झटका हो सकता है।

सबसे चौंकाने वाली घटना तब हुई जब ईरान ने दावा किया कि उसने केश्म द्वीप के ऊपर एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया है। यह घटना इस बात का संकेत है कि अब संघर्ष आसमान में भी तेज हो चुका है। साथ ही ईरान के अलबोर्ज प्रांत में हुए हवाई हमले में अठारह लोगों की मौत ने इस युद्ध की क्रूरता को उजागर कर दिया है। आम नागरिक अब सीधे इस संघर्ष की कीमत चुका रहे हैं।

बहरहाल, यह युद्ध अब एक ऐसा विस्फोटक संकट बन चुका है जिसमें हर दिन नई आग भड़क रही है। दुनिया की नजरें अब होर्मुज जलडमरूमध्य पर टिकी हैं, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति गुजरती है। यदि यह रास्ता बंद हुआ तो असर केवल इस क्षेत्र तक नहीं बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ेगा। अब सवाल यह है कि यह युद्ध और कितना भयानक रूप लेगा।

## जांबाजों ने समंदर में रचा इतिहास



**अमेरिका**

पहलगाम आतंकी हमले के बाद, भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत समन्वित, बहुस्तरीय जवाबी कार्रवाई शुरू की, जिसमें पाकिस्तानी बलों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई का प्रदर्शन किया गया। भारतीय नौसेना ने वायु, जल और जलमग्न क्षेत्रों में अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के रक्षात्मक ठिकानों पर महत्वपूर्ण दबाव डाला। नौसेना की तैनाती ने एक व्यापक नाकाबंदी स्थापित की: वायु, जल और जलमग्न क्षेत्र में। भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों और पी-8आई समुद्री गश्ती विमानों द्वारा निगरानी और हमले में सहायता प्रदान की गई, जिससे दुश्मन की गतिविधियों की निरंतर निगरानी संभव हुई। जलमग्न क्षेत्र में, युद्धपोतों और फ्रिगेट ने प्रमुख समुद्री मार्गों पर नियंत्रण स्थापित किया। जलमग्न क्षेत्र में, चार पनडुब्बियों को गुप्त रूप से तैनात किया गया, जो दुश्मन बलों के लिए एक अदृश्य लेकिन घातक खतरा प्रस्तुत करती थीं।

भारतीय नौसेना के सतही कार्रवाई समूहों को तुरंत अग्रिम मोर्चों पर तैनात किया गया, जिससे एक आक्रामक समुद्री उपस्थिति स्थापित हुई। विध्वंसक पोत, फ्रिगेट, एकीकृत हेलीकॉप्टर और अन्य पोतों ने मिलकर मजबूत समुद्री नियंत्रण सुनिश्चित किया। विशेष अभियानों के लिए मरीन कमांडो (मार्कोस) को अग्रिम मोर्चों पर तैनात किया गया।

# प्रदर्शनकारियों को हथियार!




**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा यह कहे जाने के बाद कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरानी प्रदर्शनकारियों को हथियार भेजने का प्रयास किया था, ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से तत्काल कार्रवाई करने का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि, अमीर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव और सुरक्षा परिषद को लिखे पत्र में ट्रम्प की टिप्पणियों को हिंसा भड़काने और ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने की स्पष्ट स्वीकारोक्ति बताया है। इरावानी ने लिखा, ऐसा व्यवहार मध्य पूर्व और उससे परे आतंकवादी समूहों को बनाने, वित्तपोषण करने और हथियार देने की संयुक्त राज्य अमेरिका की दीर्घकालिक नीति के अनुरूप है। यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के मूलभूत सिद्धांतों और नियमों का घोर उल्लंघन है।

उन्होंने आगे कहा कि वाशिंगटन ईरान में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों को हिंसा, अशांति और रक्तपात में बदलने की कोशिश कर रहा है और इस बात पर जोर दिया कि किसी अन्य देश में समूहों को हथियार देना अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी को जन्म देता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद को इन खतरनाक बयानों की कड़ी निंदा करनी चाहिए। यह सुनिश्चित करें कि इन उल्लंघनों का जवाब दिया जाए और स्पष्ट रूप से घोषणा करें कि आतंकवाद के लिए राज्य समर्थन का गठन करने वाले किसी भी आचरण को किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पत्र में दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 में हुई अशांति के दौरान नागरिकों और नागरिक बुनियादी ढांचे को हुए सभी नुकसान और पीड़ा के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया गया। आईआरएनए की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब सहित क्षेत्रीय शक्तियों से अच्छे पड़ोसी संबंधों के सिद्धांतों को बनाए रखने का भी आग्रह किया।

टाइम्स ऑफ इजराइल के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में ईस्टर के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए स्वीकार किया कि अमेरिका ने ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों को हथियार देने का प्रयास किया था।

# ईरान से 1862 भारतीयों की सुरक्षित वापसी में मदद की




**पश्चिम एशिया**

**विदेश** मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच हजारों भारतीय नागरिकों की आवाजाही में सहायता की है। अंतर-मंत्रालयी प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए अतिरिक्त सचिव (खाड़ी) असीम आर महाजन ने कहा कि तेहरान स्थित हमारे दूतावास ने अब तक ईरान से आर्मेनिया और अजरबैजान होते हुए भारत जाने के लिए 1862 भारतीय नागरिकों की आवाजाही में सहायता की है। इनमें 935 भारतीय छात्र और 472 भारतीय मछुआरे शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्रालय खाड़ी और पश्चिम एशिया क्षेत्र में हो रहे घटनाक्रमों पर लगातार नजर रख रहा है। हमारा पूरा प्रयास इस क्षेत्र में रहने वाले विशाल भारतीय समुदाय की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। महाजन ने बताया कि सरकार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (वळ२) के साथ मिलकर काम कर रही है और इसके लिए एक विशेष नियंत्रण कक्ष भी संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, "हम नवीनतम सलाह साझा करने और अपने दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों के साथ समन्वय स्थापित करने के लिए राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ लगातार संपर्क में हैं। मंत्रालय में स्थित विशेष नियंत्रण कक्ष हमारे मिशनों और दूतावासों के साथ मिलकर पूरे क्षेत्र में भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए काम कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे मिशन और दूतावास चौबीसों घंटे हेल्पलाइन चला रहे हैं और ईमेल और सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से भी प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं। हमारे मिशनों द्वारा जारी की जा रही सलाहों में स्थानीय सरकारी सुरक्षा दिशानिर्देशों, उड़ान और यात्रा की स्थिति और कांसुलर सेवाओं से संबंधित अद्यतन जानकारी शामिल है। उन्होंने अपने प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा हमारे राजदूत भारतीय समुदाय संघों, संगठनों, पेशेवर समूहों और भारतीय कंपनियों के साथ नियमित रूप से बातचीत कर रहे हैं ताकि उनकी चिंताओं को समझा जा सके और उनका समाधान किया जा सके। छात्र कल्याण के विषय पर महाजन ने कहा, "हम खाड़ी देशों में भारतीय छात्रों के कल्याण को उच्च प्राथमिकता दे रहे हैं।

हमारे मिशन स्थानीय अधिकारियों, क्षेत्र के भारतीय स्कूलों, संबंधित शिक्षा बोर्डों और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी के साथ नियमित संपर्क में हैं और छात्रों की चिंताओं को दूर करने के लिए सक्रिय रूप से समन्वय कर रहे हैं।

## 3 हमलावरों को मार गिराया गया

# तुर्की में इजरायली कॉन्सुलेट के पास फायरिंग



**तुर्की**

**इस्तांबुल** में इजरायली वाणिज्य दूतावास के बाहर हुई गोलीबारी में तीन हमलावर मारे गए। तुर्की मीडिया के अनुसार, हमलावरों के पास लंबी बंदूकें और बैग थे, जिन्हें तुर्की सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में मार गिराया। इस घटना में दो पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए। लगभग 10 मिनट तक गोलियों की आवाज गूंजती रही, जिसके दौरान पुलिस अधिकारियों ने बंदूकें निकाल लीं और छिप गए। रॉयटर्स के अनुसार, एक व्यक्ति खून से लथपथ था। घटना के समय वाणिज्य दूतावास के अंदर कोई इजरायली राजनयिक मौजूद नहीं था। सूत्रों के अनुसार, तुर्की में कोई इजरायली राजनयिक तैनात नहीं है और 7 अक्टूबर, 2023 को गाजा युद्ध के बाद इजरायल और तुर्की के बीच बिगड़ते संबंधों के चलते वाणिज्य दूतावास दो साल के लिए बंद कर दिया गया था। तुर्की ने इजरायल द्वारा गाजा पर आक्रमण की आलोचना की थी और विरोध में वाणिज्य दूतावास को बंद कर दिया था।

एक वायरल वीडियो में संदिग्ध बंदूकधारी को खड़ी पुलिस और सुरक्षा बसों के बीच घूमते हुए, स्वचालित राइफल और हैंडगन से कई मिनट तक लगातार गोलियां चलाते हुए दिखाया गया। पास की सड़कों और घास के मैदानों में दो शव पड़े मिले। तुर्की मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस्तांबुल के वित्तीय जिले में इजरायली वाणिज्य दूतावास के ठीक बाहर हुई इस घटना में दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए। 2023 में हमास-इजराइल युद्ध शुरू होने के बाद से ही इस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी बनी हुई है और वाणिज्य दूतावास के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। तुर्की के न्याय मंत्री अकिन गुरलेक ने कहा कि तीन अभियोजक गोलीबारी की जांच करेंगे। गोलीबारी के बाद सशस्त्र पुलिस बल फिलहाल इलाके में मौजूद हैं।

# 1.4 करोड़ ईरानी कुर्बान होने को तैयार

**ईरान**

**डोनाल्ड** ट्रंप द्वारा ईरान को बातचीत की मेज पर आने के लिए जारी किए गए अल्टीमेटम की उलटी गिनती जारी है। इसी बीच, ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा है कि ईरानी अपने देश की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान करने को तैयार हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में ये बातें कही हैं और बताया है कि वे खुद भी देश के लिए बलिदान देने को तैयार हैं। पेजेश्कियन ने लिखा कि अब तक 14 मिलियन से अधिक गर्वित ईरानियों ने ईरान की रक्षा के लिए अपनी जान कुर्बान करने की तत्परता जताई है। मैं भी ईरान के लिए बलिदान दे चुका हूं, दे रहा हूं और देता रहूंगा। इससे पहले, ईरान के उप खेल मंत्री अलीरेजा रहीमी ने देश के खिलाड़ियों और कलाकारों से बिजली संयंत्रों के चारों ओर मानव श्रृंखला बनाने का आह्वान किया था। उन्होंने इसे ट्रंप द्वारा जारी किए गए कई अल्टीमेटमों के बाद संभावित हवाई हमलों को रोकने के लिए एक प्रतीकात्मक और शारीरिक प्रयास बताया था। उन्होंने युवाओं, खिलाड़ियों, कलाकारों, छात्रों और शिक्षकों को मंगलवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर 2 बजे बिजली संयंत्रों के पास इकट्ठा होने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा ये हमारी संपत्ति और साजो-सामान हैं। मानव ढालों के इस्तेमाल का आह्वान ट्रंप द्वारा ईरान को मंगलवार रात 8:00 बजे (वाशिंगटन समय के अनुसार) तक होर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक परिवहन के लिए फिर से खोलने की दी गई समय सीमा के जवाब में किया गया है। ट्रंप ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान ने इस आदेश का पालन नहीं किया, तो उसके सभी बिजली संयंत्रों और पुलों को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर और एक साथ बमबारी की जाएगी। उन्होंने सोमवार को कहा कि उनका उद्देश्य इन सुविधाओं को चार घंटे के भीतर जलते-जलते, विस्फोट होते।

# ईरान से डरकर भागे सैकड़ों सैनिक!



**ईरान**

**मिडिल** ईस्ट में जंग को 39 दिन पूरे हो चुके हैं। लेकिन गुजरते दिन के साथ युद्ध और ज्यादा भीषण होता जा रहा है। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर बड़े हमले की धमकी दी बल्कि ईरान को खत्म करने की बात भी कही जिससे पूरी दुनिया में हड़कंप मचा हुआ है। हर कोई सिर्फ यही सोच रहा है कि अमेरिका आखिरकार अब क्या करने वाला है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी दी है कि अगर उसने डील नहीं की और हुरमुज समुद्री मार्ग नहीं खोला तो ईरान पर इतने हमले करेंगे कि वह पाषाण युग में चला जाएगा। लेकिन कुछ ही घंटे बाद अचानक से सीजफायर का ऐलान हो जाता है। मेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद की निर्धारित की हुई समय-सीमा खत्म होने से करीब 90 मिनट पहले घोषणा की कि अमेरिका ने पाकिस्तान के प्रस्ताव पर ईरान के साथ दो सप्ताह के संघर्षविराम पर सहमति जताई है। अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमति बनने की घोषणा के कुछ घंटे बाद बुधवार सुबह बहरीन में मिसाइल अलर्ट के सायरन की आवाज सुनी गई। बहरीन के आंतरिक मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की। युद्धविराम समझौते से यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि लड़ाई कब रुकेगी। घोषणा के बाद ईरान ने खाड़ी अरब देशों और इजराइल पर मिसाइलें दागी हैं।

अमेरिका ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच एक बड़ा और चौंकाने वाला कदम उठाया है। ट्रंप प्रशासन ने फारस की खाड़ी से सटे बहरीन में तैनात अपने करीब 1500 सैनिकों और उनके परिवारों को गुप्त तरीके से वहां से निकाल लिया है। इस गुपचुप निकासी और बहरीन से नौसैनिकों की तैनाती पर अमेरिकी यू टर्न का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सैनिकों से कहा गया था कि वे अपने साथ केवल उतना ही सामान ले जाएं जितना कि उनके एक बैग पैक में आ सके। इसके साथ ही अमेरिकी सैनिकों को पालतू जानवरों को भी निकालने की इजाजत दी गई थी। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि उन्हें आदेश दिया गया था कि जो बैग में आ सके उतना ही लेकर तुरंत निकलो। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह निकासी ईरान के मिसाइल और ड्रोन खतरों के बीच की गई है। सैनिकों को वहां से निकलने के लिए कोई लंबी तैयारी का समय नहीं मिल सका। उन्हें सिर्फ एक निर्देश मिला बैग पैक करो और निकलो।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा



# कफन ओढ़कर सड़कों पर लोग, बोले- जीना हुआ मुश्किल

**सिंध**

**सिंध** प्रांत में व्यापक प्रदर्शन हुए, कराची, हैदराबाद, सुक्कुर और जैकबबाद सहित कई शहरों में नागरिक और राजनीतिक कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए और ईंधन की बढ़ती कीमतों और मुद्रास्फीति का विरोध किया। डॉन अखबार के अनुसार, सुक्कुर में सिंध यूनाइटेड पार्टी (एसयूपी) ने प्रेस क्लब के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, जहां प्रतिभागियों ने कफन ओढ़कर प्रतीकात्मक भूख हड़ताल की। समर्थकों को संबोधित करते हुए, एसयूपी नेता ईदैन जगिरानी ने पेट्रोल की कीमतों में 80 पेसो की भ्रामक कटौती की आलोचना की, जबकि हाल के हफ्तों में इसमें 137 पेसो प्रति लीटर की भारी वृद्धि हुई थी। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति बेकाबू हो गई है, जिससे आम नागरिकों के लिए आवश्यक वस्तुएं भी महंगी होती जा रही हैं।

उसी स्थान पर, गोहर खान खोसो के नेतृत्व में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। खोसो ने कहा कि ईंधन की कीमतें बढ़कर 378 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर हो गई हैं, जिससे परिवारों की आर्थिक स्थिति बुरी तरह प्रभावित हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तत्काल राहत उपाय और करों में कटौती नहीं की गई तो विरोध प्रदर्शन पूरे देश में फैल सकते हैं। इसी बीच, अवामी तहरीक ने तीर चौक से घंटाघर तक एक विशाल रैली का आयोजन किया, जिसके बाद धरना प्रदर्शन किया गया। नेताओं नूर अहमद कटियार और सरवान जटोई ने सरकार पर वैश्विक तनावों को ईंधन की कीमतों को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ाने का बहाना बनाने का आरोप लगाया।

उन्होंने हालिया सब्सिडी को जनता के असंतोष को दबाने के उद्देश्य से किए गए सतही प्रयास बताया। कराची में, नेशनल ट्रेड यूनियन फेडरेशन (एनटीयूएफ) और होम-बेस्ड वुमन वर्कर्स फेडरेशन (एचबीडब्ल्यूडब्ल्यूएफ) सहित श्रमिक संगठनों ने संयुक्त विरोध प्रदर्शन किया, जैसा कि डॉन ने बताया।